

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-285 | सीहोर, रविवार 05 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## एससी/एसटी छात्रों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूजीसी से मांगा डेटा



नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी/एसटी वर्ग के छात्रों द्वारा की गई आत्महत्याओं और जातिगत भेदभाव के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। रोहित वेमुला और पायल ताडवी की मां द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को निर्देश दिया कि वह केंद्रीय, राज्य, निजी और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से इन मामलों से संबंधित आंकड़े इकट्ठा करे।

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को 2012 के रेग्युलेशन के तहत बनाए गए समान अवसर सेल्स (ईओसी) की शिकायतों और उन पर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमित सुनवाई की जाएगी।सुप्रीम कोर्ट ने 2004 से 2024 के बीच आईआईटी संस्थानों में 115 आत्महत्याओं के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि 2012 के यूजीसी रेग्युलेशन को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए मजबूत तंत्र आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जातिगत भेदभाव के मामलों को खत्म करने के लिए संस्थानों में शिकायत निवारण प्रणाली को और सशक्त बनाना होगा। याचिका में विशेष रूप से रोहित वेमुला और पायल ताडवी के मामलों का उल्लेख किया गया है। रोहित वेमुला ने 17 जनवरी 2016 को हैदराबाद विश्वविद्यालय में जातीय भेदभाव के आरोपों के चलते आत्महत्या कर ली थी। इसी तरह, पायल ताडवी, जो मुंबई के टीएन टोपीवाला मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, ने 22 मई 2019 को आत्महत्या कर ली।

### किरेन रिजिजू ने अजमेर शरीफ में चढ़ाई प्रधानमंत्री मोदी की चादर, ऐप भी लॉन्च किया

अजमेर (आरएनएस)। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई चादर चढ़ाई। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी भी उनके साथ रहे। इसके बाद रिजिजू ने मौके पर मौजूद सभी लोगों को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भेजा का संदेश भी पढ़कर सुनाया।चादर चढ़ाने के बाद रिजिजू ने कहा, उर्स के दौरान गरीब नवाज की दरगाह पर जाना देश की पुरानी परंपरा है। मुझे प्रधानमंत्री मोदी की ओर से चादर चढ़ाने का मौका मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने चादर के साथ सद्भाव और भाईचारे का संदेश भेजा है।

## मणिपुर में एसपी कार्यालय पर भीड़ ने किया हमला,बढ़ाई गई सुरक्षा



इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर में रह-रहकर हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। बीती रात उग्र भीड़ ने हथियारों के साथ कांगपोकपी जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पर हमला कर दिया। इसमें SP मनोज प्रभाकर घायल हो गए हैं और कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति अब नियंत्रण में है और हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी कांगपोकपी जिले के साइबोल गांव में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों को हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। तभी हिंसक भीड़ ने कांगपोकपी के एसपी कार्यालय पर पथराव और पेट्रोल बम से हमला कर दिया।भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और स्थिति पर काबू पा लिया। हमले में पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों सहित अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।31 दिसंबर को सैबोल गांव में सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था।स्वदेशी आदिवासी नेता मंच ने दावा किया कि सुरक्षाकर्मियों के बल प्रयोग में कई महिलाएं घायल हुई हैं। कुकी संगठन इसी घटना का विरोध कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा के लटेरी में हितलाभ वितरित किए

## सेना का ट्रक खाई में गिरने से 04 जवान शहीद, 2 गंभीर रूप से घायल



श्रीनगर(ए)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर हुए एक बड़े सड़क हादसे में सेना के 04 जवान शहीद हो गए। भारतीय सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा, जिसमें 04 जवान शहीद हो गए, जबकि 02 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह हादसा बांदीपोरा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। घटना के समय ट्रक में कुल छह जवान सवार थे। सेना ने हादसे पर बयान जारी करते हुए कहा है, कि यह घटना अत्याधिक खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण घटित हुई है। भारतीय सेना ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है। इसके साथ ही घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एलजी ने कहा, कि भारतीय सेना के बहादुर जवानों की शहादत पर गहरा दुख है। राष्ट्र उनके बलिदान और सेवा को हमेशा याद रखेगा।

### इसरो का एक और बड़ा कमाल, अंतरिक्ष में अंकुरित हुए लोबिया के बीज, जल्द निकलेंगे पत्ते

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि इसरो नए एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। बता दें कि इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस प्रयोग से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है जिससे लंबे स्पेस ऑपरेशन्स में काफी मदद मिल सकती है।

### पीथमपुर के मुद्दे पर एमपी हाईकोर्ट में जनहित याचिका, इधर सरकार मांगेगी कचरा जलाने के लिए समय

जबलपुर(ए)। नागरिक उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे और सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव ने यूनियन कार्बाइड कचरा निस्तारण मामले में एनजीटी भोपाल में याचिका दायर की है। यह याचिका शनिवार को दायर की गई, जिस पर शीघ्र सुनवाई की मांग की गई है।उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट में पूर्व से दायर जनहित याचिका पर संज्ञान आधार पर सोमवार को सुनवाई निर्धारित है। इसके साथ इंदौर बेंच में दायर याचिका को संलग्न करके विचार किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार हाई कोर्ट में शपथ पत्र देकर यूनियन कार्बाइड के कचरे के निस्तारण के लिए समय मांगेगी। इसके लिए जन जागरण को आधार बनाया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि हम पूरी कवायद सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार ही कर रहे हैं।

## अवैध रूप से बांग्लादेश से आए 5 अप्रवासी पकड़े गए

### -उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास का मामला




नई दिल्ली, (आरएनएस)। उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास बांग्लादेश से आए 5 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने ये जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान इन लोगों ने खुलासा किया कि ये अवैध रूप से बांग्लादेश आए थे। उनके मोबाइल फोन की जांच करने पर बांग्लादेश की नागरिकता और मोबाइल नंबर की पुष्टि हुई। सभी अवैध अप्रवासियों को एफआरआरओ, आरके पुरम के कार्यालय में पेश किया गया और आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद, उन्हें इंद्रलोक स्थित केंद्र में हिरासत में लिया गया है।

इससे पहले खबर सामने आई थी कि देश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों से भारत के दुश्मन आतंकी संघ हाथ मिलाने के फिराक में हैं। महाराष्ट्र एटीएस ने राज्य में सरकारी और निजी कंपनियों ख़ास कर डिफेंस इक्विपमेंट के उत्पादन से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों को सावधानी बरतने को कहा है। महाराष्ट्र एटीएस हाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की गिरफ़्तारी के बाद घुसपैठ के पैटर्न को एनालाइज करने में जुटी है। महाराष्ट्र एटीएस ने नयी रणनीति अपना कर घुसपैठियों का भारत में रहना मुश्किल कर दिया है।

अब तक माना जाता था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारे देश के उन संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे है जिस पर भारतवासियों का हक़ है। इस वजह से इन घुसपैठियों को वापस खदेड़ने की कार्रवाई तो होती थी लेकिन इतने बड़े पैमाने पर और इतनी संजीदगी से नहीं।

## सरकारी संस्थानों और शिक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत : राहुल



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षा को समाज के हर व्यक्ति का अधिकार बताते हुए कहा है कि सरकार को निजीकरण पर ध्यान देने की बजाए शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने की जरूरत है और इस पर सरकार को ज्यादा पैसा खर्च करना चाहिए ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिले और इसके स्तर को और बेहतर बनाया जा सके। श्री गांधी ने कहा मेरा मानना है कि किसी भी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देना है। इसे निजीकरण और वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से हासिल नहीं किया जा सकता। हमें शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने पर बहुत अधिक पैसा खर्च करने की आवश्यकता है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान हुआ हादसा

### -प्रारंभिक जांच में आया सामने, हादसे में छह मजदूरों की हो गई थी मौत



विरुधुनगर, (ए)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें छह मजदूरों की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विस्फोट रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि एक कमरा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया, जिससे कई मजदूर उसके मलबे में दब गए थे। घटना के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य किया था। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं हो सकी है, लेकिन सभी मजदूर स्थानीय बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है और कुछ की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह कदम उठाए जा रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है।

शुरुआती जांच के मुताबिक 2 जनवरी को विस्फोट उस वक्त हुआ जब मजदूर रसायनों को मिलाने का काम कर रहे थे। इस प्रकार के विस्फोटों में अक्सर सुरक्षा नियमों का पालन न होने की वजह से हादसे होते हैं और यही कारण माना जा रहा है।




## पुलिस मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी था नेटवर्क

पूर्णिया (आरएनएस)। बिहार के पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी घाट में पुलिस और एसटीएफ की टीम के साथ मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया। इसका नेटवर्क पूर्णिया, किशनगंज सहित पश्चिम बंगाल और झारखंड तक फैला था।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्दान्त डकैत सुशील मोची अपने साथियों के साथ तारबाड़ी घाट स्थित बहियार में है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम और अनगढ़, अमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस टीम देखते ही डकैतों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई।बताया गया कि लगभग 10 मिनट तक रह- रह कर दोनों तरफ से गोली चलती रही। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया जहां मक्के के खेत से एक शव बरामद हुआ। शव की पहचान डकैत सुशील मोची के रूप में की गई। यह अनगढ़ थाना का रहने वाला था। इस पर बिहार पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

घटना की सूचना मिलते ही पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा, डीआईजी प्रमोद कुमार मण्डल ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं पूर्णिया से एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच सारे सबूत इकट्ठा किए। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया भेज दिया गया है।

## 18 साल से कम उम्र के बच्चे बिना पैरेंट्स की मंजूरी के नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया,जल्द लागू होगा नया नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने लंबे समय से प्रतीक्षित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट' का मसौदा जारी किया है। गौरतलब है कि सरकार ने इस कानून को अगस्त 2023 में संसद में पेश किया था। सरकार ने इस मसौदे पर जनता से 18 फरवरी 2025 तक अपनी राय मांगी है। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट पर प्रतिक्रिया MyGov.in के माध्यम से दी जा सकेगी। प्राप्त प्रतिक्रिया के बाद सरकार इस पर विचार करेगी। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के मसौदे के अनुसार, भविष्य में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट चलाना कठिन हो जाएगा। मसौदे में यह प्रावधान है कि यदि कोई 18 साल से कम उम्र का नाबालिग सोशल मीडिया अकाउंट खोलता है, तो इसके लिए माता-पिता की मंजूरी अनिवार्य होगी। यह मसौदा बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने पर जोर देता है। प्रतिक्रिया का खुलासा नहीं किया जाएगा।




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

### विरोध के बीच बीपीएससी की पुनर्परीक्षा आज, सात हजार अभ्यर्थियों ने डाउनलोड किया एडमिट कार्ड

पटना(आरएनएस)। बिहार में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग के बीच शनिवार को पटना के 22 परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की पुनर्परीक्षा हो रही है। बीपीएससी की पुनर्परीक्षा के लिए 12 हजार में से सात हजार अभ्यार्थियों ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया है। बीपीएससी की पुनर्परीक्षा के बीच पटना के गर्दनीबाग इलाके में पिछले 16 दिनों से आंदोलन का धरना भी जारी है। हालांकि, पहले के मुकाबले काफी कम संख्या में ही छात्र इस आंदोलन का हिस्सा बने हुए हैं। बीपीएससी के छात्र हिमांशु शर्मा ने बताया कि मैं आगरा से आया हूं। मैं अपनी परीक्षा के लिए यहां आया हूं, लेकिन मैं आंदोलन में बैठे अपने सभी साथियों का समर्थन करूंगा।

# समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में हो रहा है विकास



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवा, गरीब, किसान और महिलाएं हमारी विशेष प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश तेज गति से देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लटेरी (विदिशा) में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्र म में विशाल जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के लिए 132 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। इनमें 80 करोड़ 16 लाख रुपए के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 51 करोड़ 96 लाख रुपए के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किए। कार्यक्रम में विदिशा जिले में 505 हेक्टेयर चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक युग के भगीरथ हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश को दो बड़ी सिंचाई परियोजनाएं मिली है। इससे न केवल बुंदेलखंड अपितु मालवा और चंबल क्षेत्र में भी बड़े क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के भी 360 गांव को जल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है हर किसान के खेत में पानी पहुंचाना। हर खेत में पानी आने से किसान की जिंदगानी बदलेगी। कृषि उत्पादन में हम पंजाब, हरियाणा को भी पीछे छोड़ने वाले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। हर गरीब को पक्का मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी संकल्पित हैं। आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त है। उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उज्जैन, सागर, रीवा, जबलपुर और ग्वालियर में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में करोड़ों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। युवा वर्ग के लिए सरकार शीघ्र ही एक लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में लगभग 3 लाख पदों पर भर्ती करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा की महत्ता को हमेशा याद रखें। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, शिक्षा की सारी व्यवस्था सरकार कर रही है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस स्कूल खोले जा रहे हैं। गरीबों को परिवहन की अच्छी सुविधा देने के लिए सरकार मध्यप्रदेश राज्य परिवहन को दोबारा प्रारंभ करने जा रही है।

## केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी एवं ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने ओंकारेश्वर में किया फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निरीक्षण



### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की

भोपाल (ए.)। केन्द्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना मध्यप्रदेश की प्रथम, देश की सबसे बड़ी तथा विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं में से एक है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति हो रही है। इस क्षेत्र में भारत विश्व गुरु बन रहा है। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में स्थित फ्लोटिंग सोलर प्लांट से अभी 278 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री जोशी ने कहा कि प्रोजेक्ट से दिल्ली मेट्रो को भी बिजली देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अनोखा प्रोजेक्ट है और देश में अन्य जगह पर यह प्रोजेक्ट लगाये जायेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में इस क्षेत्र में 90 गीगावॉट की संभावना है और इसको बढ़ावा देने के लिए पूर्ण प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विशेषज्ञों को यहाँ आकर देखना चाहिए और जहां संभावना है वहां इस तरह के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करना चाहिए। जिससे अत्यधिक मात्रा में बिजली का उत्पादन हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावॉट और 2047 तक 1800 गीगावॉट बिजली का उत्पादन करना है।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने राजभवन में सौजन्य भेट की।

## सिविल अस्पताल हजीरा ग्वालियर में आईसीयू, सीटी स्कैन व अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों का हुआ लोकार्पण

### स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर साझा प्रयासों से करा रहे हैं अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर उप नगर ग्वालियर स्थित सिविल अस्पताल हजीरा में शनिवार को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े-बड़े आयाम जुड़े हैं। इसमें 32 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से सुसज्जित आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) शामिल है। उन्होंने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल हजीरा में यह स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये यह अस्पताल सही मायने में मानव सेवा के मंदिर का रूप ले रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपनी माताश्री श्रीमती सुधा तोमर के कर कमलों से सिविल अस्पताल हजीरा में सीटी स्कैन व अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन एवं आईसीयू का शुभारंभ कराया। जनवरी माह तक आयोजित होने जा रहे नि:शुल्क नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी सिविल अस्पताल में



हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी के साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल में कैथ लैब (हृदय रोग चिकित्सा इकाई) की स्थापना भी कराई जायेगी। मानव सेवा के लिए समर्पित इन पुनीत क्षणों के साक्षी बनने का सुअवसर महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार, नगर निगम सभापति मनोज सिंह तोमर, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ए के चौरसिया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों को मिला।

## डिजिटल क्रांति से सुशासन की ओर अग्रसर होता मध्यप्रदेश

भोपाल (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रशासनिक कार्यवाही और प्रक्रिया को जन-हितैषी, पारदर्शी बनाने पर जोर देते हैं। उनकी प्रेरणा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रशासन में डिजिटल नवाचारों के साथ सुशासन के नए युग में प्रवेश कर रही है। प्रदेश सरकार ने प्रशासन में दक्षता, पारदर्शिता और नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए कई नवाचार किए हैं, इनसे प्रशासनिक तंत्र को आधुनिक और लोकसेवा को बेहतर बनाया जा सकेगा।

### ई-ऑफिस प्रणाली की हुई शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष-2025 के शुभारंभ के साथ ही 1 जनवरी को ई-ऑफिस सिस्टम का भी शुभारंभ किया। इस डिजिटल नवाचार से प्रशासन को सुशासन के मार्ग पर चलाने की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है। ई-ऑफिस सिस्टम प्रशासनिक प्रबंधन को पेपरलेस बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही इस डिजिटल प्रणाली से प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा, दस्तावेज़ों के खोने के जोखिम खत्म होगा और लोकसेवा की प्रक्रिया तीव्र हो जाएगी। डिजिटल फाइलिंग से विभागों में पारदर्शिता बढ़ेगी साथ ही आवश्यकतानुसार फाइलों की समय पर उपलब्धि सुनिश्चित हो सकेगी। आम नागरिक भी अब सरकारी प्रक्रियाओं को आसानी से ट्रैक कर सकेंगे और सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, इससे सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। मध्यप्रदेश सरकार की यह पहल दूसरे राज्यों के लिए मिसाल बनेगी।

### संपदा 2.0 से संपत्ति रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आई सरलता

ई-ऑफिस सिस्टम के अलावा, मध्यप्रदेश सरकार ने कई अन्य महत्वपूर्ण नवाचार भी किए हैं, जिनमें संपदा 2.0 प्रणाली भी शामिल है। संपदा 2.0 प्रणाली संपत्ति लेनदेन के लिए ई-रजिस्ट्रेशन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा प्रदान करती है, इससे प्रक्रिया और भी तेज और सुविधाजनक हो जाती है। इस पहल से नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, साथ ही रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा।

## ठंडी हवाओं से बढ़ रहा कोहरा, गिर रहा रात का तापमान

भोपाल(आरएनएस)। उत्तर की बर्फीली हवाओं क वजह से प्रदेश के अधिकांश शहरों में कोहरा छा रहा है, जिससे रात और सबह के समय दृश्यता कम हो रही है। सुबह दस बजे तेज धूप निकलने के बाद ही कोहरा साफहो रहा है। अब शनिवार ओर रविार को भी घना कोहरा रहने अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना हे कि प्रदेश के भोपाल, राजगढ़ और उज्जैन में सबसे कम दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इसके अलावा ग्वालियर, रतलाम और नर्मदापुरम में 200 मीटर, रायसेन में 500 मीटर और इंदौर में एक किलोमीटर दर्ज हुई। वहीं, पूर्वी मप्र के इलाकों में खजुराहो व नौगांव में 500 मीटर, रीवा और मंडला में एक किलोमीटर दृश्तया रही। इससे सुबह के वक्त वाहों में आवाजाही प्रभावित हुई।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन फेस टू फेस वर्कशॉप और स्टूडेंट्स के प्रोजेक्ट्स पर रहा फोकस

### भोजन को पोषण के लिए खाएँ या दवा के रूप में खाएँ, अन्यथा दवा ही आपका भोजन बन जाएगी : सागर भिंडे

भोपाल (निप्र)। 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन और फेस टू फेस कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं से रविन्द्र भवन परिसर का माहौल विज्ञानमय रहा। दूसरे दिन देश के समस्त राज्यों से आये विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन चलता रहा। विद्यार्थियो ने मॉडल्स और पोस्टर के माध्यम से अपने कार्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे दिन विज्ञान शिक्षकों के लिए आहार क्रांति - पोषण एवं आहार से कुशल स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमे सागर भिंडे एवं मनोहर शिवन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला में पारंपरिक भारतीय आहार पिरामिड और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली पर चर्चा की गई। मनोहर शिवन ने कहा कि युवा पीढ़ी को शारीरिक गतिविधियाँ अपनाकर



और संतुलित आहार का सेवन करके अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना चाहिए। सागर भिंडे , गुजरात विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक, ने आहार क्रांति की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने कहा, भोजन को पोषण के लिए खाएँ या दवा के रूप में खाएँ, अन्यथा दवा ही आपका भोजन बन जाएगी। उन्होंने युवाओं में आहार संबंधी विकार, सोशल मीडिया के प्रभाव और पोषण के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। पापुलर साइंस लेक्चर के अंतर्गत विशेषज्ञ डॉ. आनंद मधुकर, टीईआरआई स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज, नई दिल्ली के सहायक प्रोफेसर, ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन जागरूकता पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने 2015 में पेरिस सम्मेलन के दौरान स्थापित 17 वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि जल, ऊर्जा और कृषि जैसे संसाधनों का कुशल उपयोग और जलवायु नीतियों का क्रियान्वयन भविष्य के लिए आवश्यक है। पापुलर साइंस लेक्चर के अंतर्गत भारतीय नवप्रवर्तन फाउंडेशन अहमदाबाद के निदेशक डॉ अरविन्द रानाडे ने खगोल शास्त्र और विज्ञान के बारे में रोचक वक्तव्य दिया। उन्होंने विस्तार से ग्रहों, तारों, सौर मंडल, सूर्य ग्रहण, चन्द्र ग्रहण, भारत में खगोल विज्ञान का विकास विषय पर विस्तार से रोचक जानकारियाँ प्रस्तुत की। उनके वक्तव्य पर विद्यार्थियों ने रोचक प्रश्न भी पूछे जिनके जवाब डॉ रानाडे ने दिए।

## सुबह पति सोकर उठा तो पंखे पर लटका नजर आया पत्नि का शव

### शादी के 22 महीने बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी



भोपाल(ए.)। पुराने शहर के छोला मदिंर थाना इलाके में रहने वाली नवविवाहिता द्वारा खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। शनिवार अलसुबह करीब चार बजे जब पति की नींद खुली तो उसे पत्नी का शव बेड रूम में लगे पंखे पर लटका नजर आया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शक्ति ज्ञान कॉलोनी, छोला में रहने वाली खुशी सूर्यवंशी पति आकाश सूर्यवंशी (22) गृहिणी होने के साथ ही घर में ही डांस क्लास चलाती थी, वही आकाश एमपी नगर के एक ऑफिस में नौकरी करता है। पति ने पुलिस को बताया की शुक्रवार रात ऑफिस से लौटने के बाद उसने खुशी के साथ खाना खाया इसके बाद दोनों बेड रूम में सोने चले गये थे। अलसुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि पत्नी का शरीर फंदे पर लटका था। पति ने पुलिस को आगे बताया कि अगले महीने 18 फरवरी को उसकी दूसरी मैरिज एनिवर्सरी थी, इसे लेकर उसकी पत्नि भी काफी खुश थी, साथ ही उनके बीच किसी भी बात को लेकर कोई विवाद नहीं था। मायके वालों ने भी फिलहाल किसी तरह के परेशान करने के आरोप नहीं लगाए हैं। जॉच के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सकें। मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

## स्वस्थ किशोरी ही, आगे चलकर बनती है स्वस्थ माँ : उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल



### *स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ जन-जागरूकता भी ज़रूरी*

### *यूनिसेफ की गतिविधियों में सरकार प्रदान करेगी पूर्ण सहयोग*

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमन्त्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि एमएमआर और आईएमआर की स्थिति में सुधार के लिये किशोरियों के स्वास्थ्य की जाँच और सुधार के प्रयास, गर्भावस्था के पूर्व और गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की नियमित जाँच के साथ प्रसव पश्चात निगरानी अहम है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ किशोरी आगे चलकर स्वस्थ माँ बनती है। इसके लिये विभागीय प्रयासों के साथ सामाजिक संगठनों, आमजनों का सहयोग अपेक्षित है, जिससे गर्भवती महिलायें और किशोरियाँ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। परिवारजन उन्हें सहयोग प्रदान करें। शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के लिये जन-जागरूकता ज़रूरी है। उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल ने यूनिसेफ भोपाल कार्यालय में भ्रमण कर मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में यूनिसेफ द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने यूनिसेफ के अधिकारी-कर्मचारियों को संचालित गतिविधियों में सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही।

## कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी कर्मचारियों कटा वेतन

भोपाल(आरएनएस)। राजधानी की स्वास्थ्य संस्थाओं का सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया गया। इसी दौरान गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार में प्रशासकीय अनुशासहनीता को देखते हुए संस्था के सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा गया। संस्था प्रभारी डॉ. रश्मि वर्मा को प्रशासकीय प्रबंधन में विफ्लता के लिए नोटिस भी दिया गया। इसके बाद सीएमएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातीबड़ पहुंचे। यहां भी कर्मचारियां का एक दिन का वेतन काटा गया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुनगा एवं फंद्रा में पूरा स्टाफ निर्धारित समय पर काम करता मिला। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने बताया कि केंद्रों में पदस्थ स्टाफ द्वारा कर्तव्यों में उदासीनता बरतने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थाओं का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

## ईरानी डेरा हटते ही शुरु होगा भूमिगत मेट्रो का काम

भोपाल (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर छह पर प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन की राह तमं बाधक ईरानी डेरे की 31 दुकानों में 18 दुकानदारों ने अपनी दुकानें खाली कर दी हैं। 13 दुकानदार अब भी दुकानें खाली न करने को लेकर अड़े हैं। शुक्रवार को तहसीलदार न्यायालय में इन दुकानदारों ने 2020 में उच्च न्यायालय के स्टे के दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस पर तहसीलदार संतोष दुबे ने इन्हें बुधवार तक जमीन के दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया है। इन 13 दुकानदारों के दस्तावेज देखने के बाद ही आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

## निषादवंशीय सम्मेलन में खिलाड़ियों का होगा सम्मान

भोपाल, (आरएनएस)। मानस भवन में रविवार को आयोजित होने वाले निषादवंशीय सर्वगोत्रीय परिचय सम्मेलन में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग समाज के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को सम्मानित करेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनारी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि निषादवंशीय मछुआ समाज का परिचय सम्मेलन रविवार को मानस भवन में सुबह 11 से आयोजित किया जाएगा।

## 07363/07364 हुबली -योग नगरी ऋषिकेश -हुबली एक्सप्रेस स्पेशल

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 07363/07364 हुबली -योग नगरी ऋषिकेश -हुबली एक्सप्रेस विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है जो भोपाल मंडल के हरदा,इटारसी,रानी कमलापति,बीना स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 07363 हुबली से योग नगरी ऋषिकेश के लिए प्रत्येक सोमवार को 06 जनवरी 2025 से अगले निर्देश तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन 13,27 जनवरी 2025 एवं 03,10,24 फरवरी 2025 को संचालित नहीं होगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 07364 योग नगरी ऋषिकेश से हुबली के लिए प्रत्येक गुरुवार को 09 जनवरी 2025 से अगले निर्देश तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन 16,30 जनवरी 2025 एवं 06,13,27 फरवरी 2025 को संचालित नहीं होगी। गाड़ी संख्या 07363 हुबली -योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस विशेष ट्रेन हुबली से रात 20.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन हरदा रात 21.55 बजे, इटारसी रात 23.00 बजे, तीसरे दिन रानी कमलापति 00.40 बजे, बीना 03.15 बजे और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 23.30 बजे योग नगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07364 योग नगरी ऋषिकेश -हुबली एक्सप्रेस विशेष ट्रेन योग नगरी ऋषिकेश से सुबह 06.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन बीना 00.50 बजे, रानी कमलापति रात 02.40 बजे, इटारसी सुबह 04.10 बजे, हरदा सुबह 05.31 बजे और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 06.30 बजे हुबली पहुंचेगी।



### गाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में धारवाड़, लोंडा, बेलगावी, घटप्रभा, मिराज, सांगली, करद, सतारा, पुणे, दौंड कोर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, हरदा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, टपरी, रुड़की और हरिद्वार स्टेशनों पर रुकेगी।

### कोच संरचना

इस विशेष ट्रेन में 04 शयनयान श्रेणी और 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सहित कुल 14 डिब्बे होंगे। यात्रा प्रारंभ करने से पहले रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवा NTES/139/रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

# महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने पहुंचीं 'सिया के राम' की सीता, बोलीं- महाकाल के दर्शन कर धन्य हो गई

उज्जैन (ए.)। टीवी अभिनेत्री मदिराक्षी मुंडले ने भगवान महाकाल की दिव्य आरती में दो घंटे तक भाग लिया और चांदी द्वारा दर्शन भी किए। मदिराक्षी ने मंदिर की व्यवस्थित दर्शन प्रणाली की सराहना की और प्रबंध समिति को धन्यवाद दिया। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह भस्म आरती के दौरान टीवी सीरियल सिया के राम की सीता बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने पहुंचीं। यहां उन्होंने लगभग 2 घंटे तक बाबा महाकाल की दिव्य आरती के दर्शन किए। टीवी अभिनेत्री मदिराक्षी मुंडले ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान शनिवार सुबह भस्म आरती में पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। ये पूजन पुजारी प्रशांत गुरु एवं पुजारी माधव गुरु ने संपन्न करवाया।

महाकालेश्वर मंदिर की जनसंपर्क अधिकारी गौरी जोशी ने बताया कि मदिराक्षी मुंडले एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी टीवी इंडस्ट्री और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। मदिराक्षी ने साल 2019 में लोकप्रिय धारावाहिक सिया के राम से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई। इसके बाद वह स्टार भारत के शो जग जननी मां वैष्णो देवी में भी दिखाई दीं। सिया के राम में मां सीता बनकर लाखों दिलों तक पहुंची थीं।



**अच्छी व्यवस्था के लिए महाकालेश्वर प्रबंध समिति को दिया धन्यवाद**

टीवी अभिनेत्री मदिराक्षी मुंडले ने बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था काफी अच्छी है। मुझे यहां आकर काफी अच्छा लगा। मदिराक्षी मुंडले भस्म आरती के बाद चांदी द्वारा से बाबा महाकाल के दर्शन करने भी पहुंचीं। जहां पुजारी प्रशांत गुरु और माधव गुरु द्वारा उन्हें सम्मान के तौर पर ओढ़ाए गए बाबा महाकाल के वस्त्र से काफी खुश नजर आईं।

**सिया के राम में सादगी से जीता था दिल**

सिया के राम शो में माता सीता का रोल करने वाली एक्ट्रेस मदिराक्षी मुंडले को बहुत फेम मिला। एक्ट्रेस मदिराक्षी मुंडले ने अपनी मासूमियत से लाखों लोगों के दिलों पर राज किया। मदिराक्षी ने सिया के राम में माता सीता का रोल प्ले किया था और तब से हर घर में उनकी बातें होने लगी थीं। उनकी सादगी और सुंदरता को देखकर हर कोई हैरान रहता था।

**तेलुगू फिल्मों में भी किया है काम**

मदिराक्षी मुंडले एक भारतीय फिल्म और टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, जो तेलुगू और हिंदी भाषाओं में काम करती हैं। उनका जन्म और पालन-पोषण भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत में हुआ। उन्होंने पढ़ाई के बाद मदिराक्षी ने अपना करियर मॉडलिंग से शुरू किया। 2015 में, मदिराक्षी ने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में ओरी देवुदोय फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की। मदिराक्षी ने हिंदी टेलीविजन में सिया के राम सीरियल से शुरुआत की, जहां उन्होंने सीता का रोल किया था।

## पिकनिक मनाने गए दोस्तों के बीच चले चाकू, मुर्गे को लेकर हुआ विवाद, जानें मामला




शहडोल (ए.)। कोतवाली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में पिकनिक के दौरान खाने को लेकर विवाद में अनुज सिंह नामक युवक ने अपने दोस्तों आशुतोष चतुर्वेदी और अभिलाष द्विवेदी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोतवाली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में पिकनिक मनाने गए दो युवकों के साथ मारपीट की घटना हुई। मारपीट करने वाला युवक भी युवकों के साथ पिकनिक मना रहा था। दोनों युवकों को चोट पहुंची है। पुलिस के अनुसार धारदार हथियार से आरोपी युवक ने दोनों युवकों पर हमला किया है। पुलिस ने मामले पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला आशुतोष चतुर्वेदी अपने साथी अभिलाष द्विवेदी के साथ पिकनिक मनाने कल्याणपुर गया हुआ था। युवकों के साथ आरोपी अनुज सिंह भी शामिल था। बताया गया कि खाना बनने के बाद आरोपी अनुज सिंह ने आशुतोष चतुर्वेदी को कहा कि तुम खाना खा लो, लेकिन आशुतोष ने अनुज को यह कहते हुए खाना खाने से मना कर दिया कि मैं एक जनवरी से मुर्गा खाना बंद कर दिया है। इसी बात पर अनुज नाराज हो गया और आशुतोष पर दबाव बनाते हुए उसे बार-बार कहने लगा कि तुझे खाना ही पड़ेगा। इतने में बात बिगड़ गई और आरोपी अनुज सिंह ने आशुतोष चतुर्वेदी पर हमला बोल दिया। बीच बचाव करने आया अभिलाष पर भी आरोपी ने धारदार हथियार (चाकू) से हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने बताया कि आशुतोष चतुर्वेदी एवं अभिलाष द्विवेदी के माथे पर धारदार हथियार के चोट के निशान हैं। उपचार के बाद अस्पताल से इन्हें छुट्टी मिल गई है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी अनुज सिंह पर कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि मामले पर अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। तीनों युवक एक साथ पिकनिक मनाने गए थे, इस बीच खाना खाने को लेकर विवाद हुआ था। चाकू से आरोपी ने हमला किया है।

## पत्नी ने खाना नहीं दिया तो कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट, इस पर चल रहा था विवाद



छिंदवाड़ा (ए.)। मध्यप्रदेश के पांढुर्णा तहसील के हिवरा पृथ्वीराम गांव में चरित्र संदेह के कारण पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। 46 वर्षीय राजू पाटिल ने शुक्रवार देर रात अपनी पत्नी पद्मा पाटिल (42) पर सोते समय कुल्हाड़ी से वार किया। घटना के वक्त उनकी 17 वर्षीय बेटी भी वहां मौजूद थी। पांढुर्णा तहसील के हिवरा पृथ्वीराम में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी राजू पाटिल (46) ने यह वारदात अपनी नाबालिग बेटी (17) के सामने तब की जब पत्नी पद्मा पाटिल (42) गहरी नींद में थी। घटना शुक्रवार देर रात की है। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस की जांच में पता चला है कि पिछले तीन-चार दिन से पति-पत्नी के बीच चरित्र संदेह को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद जब पत्नी पद्मा सो गई तो राजू ने कुल्हाड़ी से वार कर उसकी जान ले ली। पुलिस ने बताया कि पद्मा पिछले कुछ दिनों से राजू को खाना भी नहीं दे रही थी, जिससे उनके बीच विवाद और बढ़ गया था। घटना के बाद डरी सहमी पद्मा की बेटी ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। महिला की लाश और जगह-जगह फैला खून को देखकर वे घबरा गए। पड़ोसियों ने फौरन डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी से परेशान आईआईटी छात्र ने की आत्महत्या



इंदौर (ए)। इंदौर आईआईटी के बीटेक छात्र ने ऑनलाइन सट्टेबाजी में हुए भारी नुकसान के चलते हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है, जिसमें आर्थिक लेन-देन और मोबाइल ऐप्स की पड़ताल भी शामिल है। इंदौर के आईआईटी कैंपस में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र ने शुक्रवार रात अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना विक्रम साराभाई हॉस्टल में घटी। मृतक छात्र की पहचान 17 वर्षीय रोहित केथवाथ के रूप में हुई, जो तेलंगाना के नलगोंडा का निवासी था। पुलिस ने घटना की सूचना छात्र के परिवार को दे दी है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## पुलिस की कॉल से घबराई महिला, खुद को कमरे में किया बंद, पड़ोसी की तत्परता से बची ठगी



दमोह (ए.)। दमोह के देहात थाना क्षेत्र में ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के जरिए एक महिला को ठगी का निशाना बनाने का प्रयास किया। व्हाट्सएप कॉल और नकली पुलिस अधिकारी बनकर महिला को डराया गया और उसके दस्तावेज मांगे गए। महिला ने खुद को कमरे में बंद कर लिया, लेकिन परिजनों ने समय रहते साइबर सेल टीम के सदस्य राकेश अठ्या को सूचित किया। देहात थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह फिर एक डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया। इस बार ठगों ने आम चोपरा क्षेत्र में रहने वाली एक पढ़ी-लिखी महिला को अपना निशाना बनाने का प्रयास किया, लेकिन दमोह की साइबर सेल टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ठगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। महिला ने जैसे ही खुद को कमरे में बंद किया और दरवाजा खोलने से मन किया। परिजनों को गड़बड़ी का आभास हो गया और उन्होंने साइबर सेल टीम में पदस्थ अपने पड़ोसी राकेश अठ्या को फोन पर सूचना दे दी। साइबर सेल में पदस्थ राकेश अठ्या तत्काल ही टीम के साथ महिला घर पहुंच गए और महिला को ठगी का शिकार होने से बचा लिया। पहचान उजागर न करने की शर्त पर महिला ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे मुझे एक व्हाट्सएप कॉल आया और मुझसे कहा गया कि मेरा मोबाइल नंबर अनैतिक गतिविधियों में शामिल है। उन्होंने कहा मेरे खिलाफ हैदराबाद में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# लेडी डॉन और सस्पेंडेड जेल प्रहरी की ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़




इंदौर (ए.)। इंदौर पुलिस ने 20 वर्षीय युवती लेडी डॉन श्रुति निषाद और निलंबित जेल प्रहरी दीपक यादव को ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। उनके पास से 10 लाख की ब्राउन शुगर, एमडी ड्रग्स और एक कार बरामद की गई। इंदौर पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ करते हुए 20 वर्षीय युवती श्रुति निषाद, जिसे लेडी डॉन के नाम से जाना जाता है, और उसके साथी 37 वर्षीय निलंबित जेल प्रहरी दीपक यादव को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 20.30 ग्राम ब्राउन शुगर, 10.22 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक होंडा अमेज कार जब्त की गई है। जब्त किए गए ड्रग्स की कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है। शुक्रवार शाम को क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर MR-4 रोड पर घेराबंदी कर इन्हें पकड़ा। पुलिस के अनुसार, दोनों राजस्थान से ड्रग्स लाकर इंदौर में सप्लाई करते थे।

**निलंबित दीपक यादव पर है घरेलू हिंसा का केस**

श्रुति निषाद, जो हाई प्रोफाइल पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई करने के साथ-साथ डांस परफॉर्म भी करती थी, खुद नशे की आदी है। उस पर पहले से मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। दीपक यादव, जो मॉडल विलेज कॉलोनी इंदौर का निवासी है, आलीराजपुर में जेल प्रहरी के रूप में कार्यरत था, लेकिन लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित था। वह पहले देवास और इंदौर की सेंट्रल जेल में भी तैनात रह चुका है। दीपक को 2009 में अपने पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति पर जेल प्रहरी बनाया गया था। हालांकि, उस पर उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया था।

**राजस्थान से ड्रग्स लाकर इंदौर में सप्लाई करता था**

पुलिस ने बताया कि सस्पेंड होने के बाद दीपक अपनी मौसी के घर रहने लगा और ड्रग्स की लत का शिकार हो गया। इसी दौरान वह श्रुति के संपर्क में आया। दोनों ने मिलकर ड्रग्स तस्करी का काम शुरू किया। दीपक टोल नाकों और पुलिस चेकिंग से बचने के लिए अपने पुलिस आईडी कार्ड का इस्तेमाल करता था। उसकी गाड़ी पर पुलिस लिखा हुआ था, जिससे किसी को शक नहीं होता था। वह इस बहाने राजस्थान से ड्रग्स लाकर इंदौर में सप्लाई करता था।

## पारखी की जांच में 4.1 कैरेट का चमकीला पत्थर निकला जैम्स क्वालिटी का हीरा, जानें कितनी है कीमत

पन्ना (ए.)। सरकोहा निवासी लच्छी पाल की निजी जमीन पर हीरा खदान में 30 दिसंबर को यह चमकीला पत्थर अजय सिंह यादव को मिला। हीरा पारखी के निरीक्षण और प्रक्रिया पूरी करने के बाद हीरा कार्यालय में इसे जमा कर लिया गया। यह कीमती हीरा आगामी नीलामी में रखा जाएगा। पन्ना में 4 कैरेट 1 सेंट के चमकीले पत्थर पर से आज अंतत: सस्पेंस हटा, जिसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म था। चार दिन बीत जाने के बाद आज चमकीले पत्थर का निरीक्षण हीरा पारखी ने किया। ये चमकीला पत्थर जेम्स क्वालिटी का हीरा निकला। नियमानुसार इसे हीरा कार्यालय में जमा कर लिया गया है। इसकी अनुमानित कीमत 10 लाख से अधिक आंकी जा रही है। इसे आने वाली नीलामी में रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक 30 दिसंबर दिन सोमवार को अजय सिंह यादव को सरकोहा निवासी लच्छी पाल की निजी जमीन पर उथली हीरा खदान से एक चमचमाता हुआ 4 कैरेट 1 सेंट का चमकीला पत्थर मिला था। उसके बाद युवक अपने



परिजनों के साथ हीरा कार्यालय में उसका निरीक्षण करवाने और उसे जमा करने पहुंचा, लेकिन हीरा पारखी अवकाश पर होने की वजह से न तो उसका परीक्षण हो सका और न ही उसे जमा किया गया। बल्कि उसे सील बंद करके वापस पट्टेदार को दे दिया गया था। अगले ही दिन यानी 31 दिसंबर को पट्टेदार के पट्टे की अवधि समाप्त हो गई, जिसके चलते युवक के द्वारा नए पट्टे के लिए आवेदन किया गया। फिर पट्टा बनने के बाद आज हीरा पारखी ने उसका निरीक्षण कर वजन किया और उसे जमा किया गया।

**व्यापार समाचार**

# रिलायंस जियो का आईपीओ लाने की तैयारी में मुकेश अंबानी

**40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है**

नई दिल्ली (ए.)। मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जल्द ही भारत का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, जियो का आईपीओ लगभग 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ ऑफर ऑफ सेल (ओएफएस) और ताजा शेयर जारी करने के साथ आएगा। रिलायंस जियो की ओर से इस आईपीओ के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। निवेश बैंकर्स का मानना है कि यह आईपीओ काफी बड़ा हो सकता है, और इसमें सब्सक्रिप्शन की कोई समस्या नहीं होगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में इसे लॉन्च करने की है।




रिलायंस जियो का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है, जिससे भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच सकती है। यदि यह आईपीओ सफल होता है, तो यह पिछले साल आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। रिलायंस जियो के आईपीओ में ओएफएस कंपोनेंट का महत्वपूर्ण स्थान होगा, क्योंकि इससे मौजूदा निवेशकों को अपनी हिस्सेदारी बेचने का मौका मिलेगा।

कंपनी की वैल्यूएशन की बात करें तो कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है, जबकि कुछ सूत्रों के अनुसार कंपनी की वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर तक हो सकती है। रिलायंस जियो ने हाल ही में एनवीडिया से साझेदारी की है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं। इसके साथ ही, कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज और टेलीकॉम सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। रिलायंस जियो, जो कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है, अब 46 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर बेस के साथ भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर चुकी है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली (ए.)। देश की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। हालांकि, ये कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे नई दरों को जारी कर देती हैं। इन कंपनियों ने देश के चार महानगरों के साथ-साथ झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों के लिए भी कीमतें जारी की है। हालांकि दिल्ली और मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपेय प्रति लीटर और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

## आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5% हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दी, ये है शर्त




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में अधिकतम 9.50त्न हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने खर्त रखी है कि यदि अनुमोदन पत्र की तारीख से सालभर के भीतर यह सौदा नहीं किया जाता तो, तो मंजूरी रद्द कर दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) को 3 जनवरी, 2025 के आरबीआई के की ओर से एक पत्र मिला, जो एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को संबोधित है। पत्र में एचडीएफसी बैंक और उसकी समूह संस्थाओं (एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस और एचडीएफसी सिक्योरिटीज सहित) को एक वर्ष के भीतर एयू एसएफबी की चुकता शेयर पूंजी या वोटिंग अधिकारों का 9.50त्न तक अधिग्रहण करने की मंजूरी दी गई है। एचडीएफसी बैंक ने भी एक्सचेंज को बताया है कि उसे कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5त्न की हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी आरबीआई मिल गई है। यह मंजूरी आरबीआई के अनुमोदन पत्र जारी होने के बाद एक वर्ष तक के लिए वैध है। इसकी वैधता 02 जनवरी 2026 को समाप्त हो जाएगी।

## देश में 2030 तक 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं का उत्पादन होगा शुरू

**भारत की वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर**



नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने साल 2030 तक देश में 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्त्वावधान में विस्तृत रणनीति रिपोर्ट तैयार करने के लिए सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और कंसल्टेंसी फर्म बेन ऐंड कंपनी से सहयोग लिया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट अगले कुछ दिनों में संचार मंत्री अश्विनी वैष्णन जारी कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (जीवीसी) में भारत की भागीदारी सशक्त बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में नीति आयोग ने अध्ययन किया था। इसमें यह कहा गया था कि यह महत्त्वाकांक्षी सपना साकार हो सकता है और इसमें कम से कम 200 अरब डॉलर निर्यात से आएंगे, जहां तैयार वस्तु और कलपुर्जे की प्रमुख भूमिका रहेगी। अध्ययन में इससे 55 से 60 लाख नौकरियां पैदा होने की भी संभावना भी है। अध्ययन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत हस्तक्षेप करने का भी सुझाव दिया गया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस

समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) मार्ग पर टॉल वसूली में घपले पर सीएजी की रिपोर्ट और उस आधार पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक मिसाल है। ऐसे मामले देश में कहां-कहां और कितनी संख्या में होंगे, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस मार्ग पर प्राइवेट फर्म- नोएडा टॉल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) के टॉल वसूलने पर 2016 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी। इसके पहले सीएजी रिपोर्ट से टॉल तय करने में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बीते हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। उसने एनटीबीसीएल के साथ-साथ नोएडा प्रशासन के खिलाफ भी कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने जिन गड़बडियों की ओर ध्यान दिलाया, उनमें शामिल है: एनटीबीसीएल ने अपने अधिकारियों की अत्यधिक तनख्वाह, भत्तों आदि को पुल निर्माण लागत में जोड़ा। इसके अलावा11 करोड़ रु. लीगल खर्च, चार करोड़ रु. यात्रा खर्च, और 33 करोड़ के डीप डिस्काउंट बॉन्ड देने पर हुआ खर्च भी इसमें शामिल किया गया। कॉरपोरेट गिफ्ट्स की खरीदारी के एवज में हुए सवा 72 लाख रुपये के खर्च को भी जोड़ा गया। इन सबसे बताई गई लागत रकम बढ़ती चली गई।और इस आधार पर टॉल तय हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने टॉल तय करने के इस फॉर्मूले को सिरे से अतार्किक बताया और इस आधार पर एनबीटीसीएल को अनिश्चित काल तक टॉल वसूलने की मंजूरी देने वाले अधिकारियों की गैर-जिम्मेदारी की आलोचना की। तो अब समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनाई गई और बन रहीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? अनुमान लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के इस चलन में राजनेता, ठेकेदार, अधिकारी और प्राइवेट कंपनियों- सबका फायदा है। नुकसान केवल आम यूजर उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब कई शहरों में दोपहिया वाहन चालकों से भी टॉल टैक्स वसूला जा रहा है। तो क्या अब वक्त नहीं आ गया है कि इस पूरे मॉडल पर सवाल खड़े किए जाएं?

# अमेरिका में ही क्यों नहीं जले जहरीला कचरा ?

**डॉ. चन्दर सोनाने**







भोपाल से जब से यूनियन कार्बाइड का 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा पीथमपुर आने की सूचना मिली, तब से ही पीथमपुर और इंदौर में उसका विरोध शुरू हो गया था। किन्तु जब भोपाल से हाल ही में पीथमपुर 337 मीट्रिक टन कचरा पहुँच गया तो 3 जनवरी को जन आक्रोश भड़क उठा। जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी तमाम आशंकाओं से डरे लोगों ने पीथमपुर बंद रखा। दो युवकों ने आत्मदाह की कोशिश की। 7 किलोमीटर लंबा हाईवे पूरा दिन जाम रहा। स्थिति उग्र हो गई। कई बार पथराव हुआ। पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया। जन आक्रोश को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवेदनशीलता दिखाई और शुक्रवार 3 जनवरी को ही देर रात कैबिनेट की विशेष बैठक बुलाकर यह निर्णय लिया कि पीथमपुर में भेजा गया जहरीला कचरा अभी नहीं जलेगा। राज्य सरकार जन भावनाओं को कोर्ट के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने इस समस्या पर कहा कि नागरिकों के जीवन को खतरा हो, ऐसा कोई कदम मध्यप्रदेश सरकार नहीं उठाएगी। अभी पीथमपुर में कचरा डंब किया गया है। उसे फिलहाल नहीं जलाया जायेगा। कोर्ट के सामने जनभावनाएं रखकर उससे मार्गदर्शन लिया जायेगा।उल्लेखनीय है कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड के कारखाने में 3 दिसम्बर 1984 को रात को जहरीली गैस के रिसाव से करीब 20 हजार लोग सोए के सोए ही रह गए थे। लाखों लोग उससे प्रभावित हुए। वे अभी भी अपना इलाज कराने के लिए मजबूर है। जल दूषित हुआ है।

*कोर्ट के आदेश पर कुछ साल पहले राज्य सरकार ने पीथमपुर में 10 मीट्रिक टन जहरीला कचरा जलाया था। पीथमपुर के आसपास के लोगों का कहना और मानना है कि जहाँ कचरा जलाया था, वहाँ के आसपास की कृषि भूमि में 90 प्रतिशत तक फसल कम आने लगी। कई लोग बीमार हो गए जो अभी तक अपना इलाज करा रहे है। यूनियन कार्बाइड के कचरे मर्करी, लेड और अन्य कैंसर कारक केमिकल है। विषैले तत्वों के कारण क्षेत्र का पानी दूषित हो रहा है। पीथमपुर और महू में कैंसर और अन्य अनुवांशिक बीमारियाँ फैल रही है। पूर्व में केवल 10 टन कचरा जलाने से 90 प्रतिशत कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता प्रभावित हुई है।*

कैंसर जैसी बीमारियाँ फैल रही है। यदि अब 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा पीथमपुर में जलाया जायेगा तो सहज ही कल्पना की जा सकती है कि क्या हालात होंगे ? पीथमपुर के साथ उज्जैन-इंदौर, यशवंत सागर, गंभीर नदी, चंबल नदी पर खतरनाक असर होने की भी संभावना बताई जा रही हैमध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन आक्रोश देखते हुए पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। किन्तु सवाल यहाँ यह उठता है कि अमेरिका के यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष वॉरेन एंडरसन की क्या कोई जिम्मेदारी नहीं बनती है ? जब यूनियन कार्बाइड कारखाना अमेरिका के निवासी का था, तो यूनियन कार्बाइड का शेष बचा 337 मीट्रिक टन कचरा मध्यप्रदेश के पीथमपुर में ही क्यों जलाया जा रहा है ? पीथमपुर ही नहीं मध्यप्रदेश में भी कही नहीं जलाया जाना चाहिए। पूरा देश हमारा है। अमेरिका के यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और उनके स्टाफ की गलती से जब 3 दिसम्बर 1984 में जहरीली गैस रिसाव का हुआ तो पूरी जिम्मेदारी यूसीसी के अध्यक्ष की ही बनती है। इसलिए मध्यप्रदेश और भारत सरकार को यह पुरजोर कोशिश करनी चाहिए कि यूनियन कार्बाइड का यह जहरीला कचरा मध्यप्रदेश या देश में कही नहीं जले। यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन की ही जिम्मेदारी है तो वह यहाँ से जहरीला कचरा ले जाए और कहीं भी जलाए या नष्ट करें। किसी भी हालत में मध्यप्रदेश और देश में यह जहरीला कचरा जलाया या नष्ट नहीं किया जाना चाहिए, ताकि लोगों की जान और स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अपेक्षा है कि वे केन्द्र सरकार के समक्ष अपना पक्ष मजबूत से रखेंगे और भारत सरकार अमेरिका के समक्ष अपना यह प्रस्ताव रखे कि भारत देश में यह जहरीला कचरा कहीं नहीं जलेगा ! देश के बाहर कहीं भी ये जहरीला कचरा जलाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन की ही है। और वही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भी करें।



*इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.*

# हल चर्चाओं में है शराब कंपनी के मालिक द्वारा प्रदूषण मण्डल आरओ की सुरक्षाकर्मियों से पीटाई की खबर चुप्प क्यों सरकार,प्रशासन ?

अनिल पुरोहित

मध्यप्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की सरकार में इस समय दो ही मुद्दे छाये हुए हैं एक वर्षों से जिन परिवहन चौकियों से अवैध वसूली का खेल चल रहा था उस मामले में पकड़े गए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का मामला उजागर होने के बाद जिस तरह से नित्य नये-नये मामलों का खुलासा हो रहा है, उन संस्थाओं के कर्ताधर्ताओं को इस बात की संतुष्टि है कि उन्होंने जो नीमच के नयागांव बैरियर पर नीमच के तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम से विनती करके नयागांव बैरियर पर चल रहे परिवहन चौकियों परिवहन चालकों से अवैध वसूली के खेल का खुलासा किया था लेकिन उस समय इस मामले को नीमच के तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम द्वारा अपने यहां के बैरियर नयागांव पर छापा पड़वाकर जब इसकी सारी रिपोर्ट लोकायुक्त भेजकर यह उम्मीद जाहिर की थी कि वह इस भ्रष्टाचार की और जांच करें मगर जैसा कि लोकायुक्त में होता आया है कि भ्रष्टाचार को दबाना और यदि पकड़ा गया तो उस मामले को रफादफा करना इस तरह के मामलों का खुलासा ग्वालियर हाईकोर्ट द्वारा कई बार अपने आदेश में कहा गया कि लोकायुक्त ने इस मामले में छानबीन में गड़बड़ी की है आदि, लोकायुक्त में इस तरह का केस दबाने और भ्रष्ट लोगों को उजागर नहीं करने के कई मामले ग्वालियर हाईकोर्ट के संज्ञान में आकर प्रकाश में आये हैं। इसी तरह का नीमच के नयागांव बैरियर पर तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम द्वारा कराई गई छापे की कार्यवाही की रिपोर्ट जब लोकायुक्त के डीजी को भेजी गई तो मजे की बात यह है कि नंदकुमारम का वह पत्र लोकायुक्त डीजी को प्राप्त ही नहीं हुआ पता नहीं कौन ने गायब कर दिया? इस बात को लेकर आज भी नीमच के वह आम आदमी पार्टी के नेता नवीन कुमार अग्रवाल और उनके सहयोगी इस खोल में लगे हुए हैं हालांकि उन्होंने लोकायुक्त के यहां से सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी प्राप्त कर ली है कि उन्हें नंदकुमारम का नयागांव परिवहन चौकी पर पड़े छापे के संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। ठीक यही स्थिति इन दिनों मध्यप्रदेश के शराब कंपनी के मालिक द्वारा अपने सुरक्षा कर्मियों के द्वारा मध्यप्रदेश प्रदूषण मण्डल बोर्ड के आरओ जिनकी कलाकारी से इस मध्यप्रदेश में इस समय ठीक लगभग वैसा ही प्रदूषण फैल रहा है जैसा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में फैल रहा है लेकिन मजे की बात यह है कि भाजपा के नेता केजरीवाल की सरकार में दिल्ली में फैले वायु प्रदूषण को लेकर तो हो हल्ला कर रहे हैं, लेकिन इसी मप्र में कोई दिल्ली से कम आबोहवा खराब नहीं है? लेकिन इस मामले में कोई मुंह नहीं खोल रहा है, क्योंकि यह मामला भाजपा की डबल इंजन की सरकार का मामला है जिसमें प्रदूषण मण्डल के आरओ की कारस्तानी की बदौलत इंदौर में जहां इतना वायु प्रदूषण खराब है कि वहां प्रतिवर्ष दो हजार लोगों की असामायिक मौत प्रतिवर्ष होती है? लेकिन मजे की बात यह है कि उस जिले के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं और वहां के आरओ अपने आपको प्रदेश के इसी सरकार के उपमुख्यमंत्री के साथ पढ़ाई करने की इतनी दबंगाई दिखा रहे हैं कि वह अपने आपको उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से कम नहीं समझ रहे हैं? तभी तो इंदौर और उसके आसपास पीथमपुर, देवास ही नहीं बल्कि वह आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ के मेघनगर इंडस्ट्रीज एरिया की प्रदूषण के मामले की यह हालत है कि वहां के ग्रामीण तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं? यह मेघनगर का इंडस्ट्रीज एरिया पीथमपुर के प्रदूषण निवारण मण्डल बोर्ड के आरओ के भरोसे है? लेकिन मजे की बात यह है कि जब इस संबंध में जानकारी ली जाती है तो वह कहते हैं कि सब ठीकठाक है, यही स्थिति धार व पीथमपुर की भी है लेकिन इन सबसे मजेदार मामला तो यह है कि इस प्रदेश में जहां शराब कारोबारियों के साथ गलबहियां करके इस सरकार के आबकारी मंत्री ने अपनी कार्यशैली से शराब को इस प्रदेश में घर पहुंच सेवा बनाकर रख दिया है? उसके कारण शराब कारोबारियों के दिमाग आसमान पर हैं इसका एक एक मामला इन दिनों बहुत चर्चाओं में बना हुआ है जिस मामले को लेकर इस सरकार की दबंगाई भी लोगों को समझ में आ रही है, जिस सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के बारे में यह कहते हैं कि वह मध्यप्रदेश का नाना पाटेकर हैं, इसी बात को लेकर प्रदेश के आम नागरिकों में इस बात की चिंता की जा रही है कि जब हमारे मुख्यमंत्री को उनके सहयोगी इस प्रदेश का नाना पाटेकर मानकर चलते हैं तो फिर इस स्थिति में वह भ्रष्ट अधिकारी जिन्होंने इन्हीं के शासनकाल के एक साल में लगभग 100 करोड़ रुपये की रिश्वत का लेनदेन किया और वहीं इस प्रदेश में शराब कंपनी के कारोबारी और माफियाओं की इतनी जुर्रत कि वह अपने क्षेत्र में अवैध शराब तो बेचने का काम करते ही हैं जिसकी वजह से प्रदेश में शराब ने घर पहुंच सेवा का रूप ले लिया है? लेकिन अब वह इस प्रदेश के प्रदूषण को ठीक करने वाले लोगों की पिटाई करने लगे और सरकार ने जिस आरओ की पिटाई हुई वह भी चुप और सके साथ सरकार भी चुप क्यों है।




मेष राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत होगी, परंतु अभी अधिक लाभ की उम्मीद ना रखकर पूरी तरह से मेहनत करें। आज ऑफिस में सहकर्मियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें । ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता से भरा रहेगा। आज नजदीकी लोगों के साथ मेल-मुलाकात और मनोरंजन संबंधी कामों में खुशनुमा समय बितेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज बिजनेस में लेनदेन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, जल्दबाजी में काम करने से बचे। आज आपके वित्तीय मामलों में सुधार आएगा। बैंकिंग सेक्टर में काम कर रहे लोग अपना टारगेट पूरा कर लेंगे । छात्रों के लिए समय अनुकूल है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अगर आप नया काम शुरू करना चाहते हैं, तो घर में बात करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता हैं। आज माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। सपोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कर्क राशि- आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यवसायिक मामलों में परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। अपने संपर्कों को और अधिक मजबूत करें। सरकारी सेवारत लोगों को अपने काम के प्रति आज सजग रहने की जरूरत है। आज पति-पत्नी के बीच उचित सामंजस्य रहेगा, मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर में व्यवस्थित और खुशहाल माहौल बना रहेगा। कुछ समय अपने लिए जरूर निकालें। आज व्यवसाय को लेकर की गई मेहनत आपकी तरक्की के द्वार खोलने वाली है। साझेदारी संबंधी व्यवसाय में आपसी तालमेल बनाकर रखना अच्छा रहाने वाला है।
कन्या राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त होगे। आज का दिन प्रसन्नता और स्फूर्ति से भरा रहेगा। परिवारजनों के साथ किसी विशेष मुद्दे को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श होगा। आपकी योग्यता और काबिलियत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी। आज युवाओं की गई मेहनत के शुभ परिणाम मिलने वाले हैं।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। आपकी निपुणता और योग्यता लोगों के सामने आएगी। लाभदायक समय बना हुआ है । आपके नेतृत्व में आज बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया जायेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज अपने संपर्को को बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा । आज पुरानी समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने किसी उपलब्धि से आत्मविश्वास बढ़ेगा । आज आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी।

धनु राशि- आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों से बेहतर परिणाम मिलने वाले हैं । उधार दिया हुआ या कहीं फंसा हुआ पैसा मिल सकता है । अध्ययनरत युवाओं को सफलता मिलने के योग बने हुए है। अगर घर परिवर्तन संबंधी योजना बन रही हैं, तो आज उस पर अमल कर सकते हैं । आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

मकर राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए। अगर किसी प्रकार की समस्या चल रही है तो जीवनसाथी या अनुभवी लोगों से विचार विमर्श करने से जरूर समाधान मिलेगा। आज अपना ध्यान.. आध्यात्मिक पुस्तकें पढ़ने में लगा सकते हैं ।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज सक्रिय और सकारात्मक रहने से अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करने में सफल रहेंगे। सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतर समय बीतेगा । साथ ही महत्वपूर्ण लोगों से लाभदायक संपर्क भी बनेंगे । रुका हुआ आय का स्त्रोत शुरू हो सकता है। घर की सुख-सुविधाओं की जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज आपके व्यापार का लाभ रोज के जैसा बना रहेगा। आज कार्यस्थल पर सभी जिम्मेदारियां खुद की निगरानी में ही पूरी करने की कोशिश करेंगे । सरकारी सेवारत लोग अपने कार्यालय में किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़े। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है।

# तो कांग्रेस 2025 बहुत उत्साह से शुरु करती लेकिन कहीं उत्साह नहीं

**शकील अख्तर**

अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है।

भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी। गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल है। इस वर्ष वे बतौर प्रधानमंत्री 11 वर्ष पूररे करेंगे। वे तीसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। मीडिया ने बहुत उछाला कि नेहरू के रिकार्ड की बराबरी।

मगर नेहरू जब तक प्रधनमंत्री रहे 1964 तक तब तक उनके काम ही चर्चा के केन्द्र में रहे। और 27 मई 1964 के बाद आज तक भी वे ही टाक आफ द टाउन ( जिसकी हर जगह चर्चा होती है, सिर्फ उसी की बातें होती हैं) हैं।नया साल शुरू हुआ है। बात तीन बार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम की होनी चाहिए। मगर नेहरू को रिप्लेस करके अगर कोई उस जगह चर्चा के केन्द्र में आता है तो वह फिर राहुल होते हैं।11 साल से या साढ़े दस साल कहें विपक्ष में ही हैं। मगर चाहे मीडिया हो या सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और या मोदी सरकार सब 2024 के जाने से पहले और 2025 के आने के बाद भी राहुल को ही याद कर रहे हैं। वह तो हाथ में आया हरियाणा टपका दिया नहीं तो इस समय खाली याद ही नहीं कर रहे होते राहुल दिमाग में छाया होता। फोबिया हो जाता। लोकसभा चुनाव में शानदार ढंग से मोदी जी को 240 पर रोक लिया था।यह वैसा ही था जैसा 2017 के विधानसभा चुनाव में गुजरात में इसी राहुल ने भाजपा को 99 पर रोका था। मगर कन्सिस्टेन्सी ( निरंतरता) जिसे भारतीय क्रिकेट टीम भी बार बार भूल जाती है नहीं रख पाने के कारण फिर अपने विरोधियों को नया मौका दे देती है। हरियाणा में कांग्रेस ने यही कहा। राहुल ने बहुत लूज शाट खेला था। यह कहकर कि यह आपस में लड़ जाते हैं फिर इन्हें एक करने का काम मेरा है।गुटबाजी की बात इतनी हल्की नहीं थी कि राहुल इस तरह का केजुअल शाट खेल देते। मगर राजस्थान में भी इस तरह खेला और नतीजा वही हुआ। मैच गंवा दिया।अब बेलगावी कर्नाटक के सीडब्ल्यूसी में घोषणा की है कि यह साल 2025 संगठन का साल बनाएंगे। देखते हैं! संगठन को लेकर क्या सोच है इनकी। वैसे तो दो साल से ज्यादा हो गए हैं खरगे जी को अध्यक्ष बने। अब तक तो सब हो जाना चाहिए था। जिनके हेड रोल्स ( सख्त सज़ा) होना थे हो जाना चाहिए थे। और जिन नए लोगों को मौका मिलना था मिल जाना चाहिए था।


बेलगावी की सीडब्ल्यूसी में एक बात बहुत खास कही गई है। अगर इन लोगों ने खरगे, राहुल, प्रियंका ने कर दी तो कांग्रेस का रूप चेंज हो जाएगा। वह बात कही गई है कि हम संगठन के लिए लोगों को ढुंढ कर निकालेंगे।

यह काम इन्दिरा गांधी करती थीं। जनता में से पार्टी के सिम्पेथाइजर निकालना, उनमें से कार्यकर्ता बनाना और कार्यकर्ताओं को नेता बनाना। संगठन का तरीका ही यही है। आज की कांग्रेस को तो सिम्पेथाइजर शब्द मालूम ही नहीं होगा।

कार्यकर्ता को तो भूल ही गए हैं। और नेता वही दिखते हैं जो इस गोदी मीडिया को खुश करके उसमें खुद को दिखाते रहते हैं।पता नहीं राहुल प्रियंका के दिमाग में यह सवाल आता है कि नहीं कि इनसे पूछें कि तुम्हें यह मीडिया इतना दिखा कैसे देता है?जो रात दिन हम लोगों को कोसता रहता हो। कांग्रेस के नाम में ही कीड़े निकालता रहता हो वह तुमसे किस बात पर खुश है?मीडिया कांग्रेस के नाम पर खरगे, राहुल, प्रियंका को दिखाए, कांग्रेस की बातें बताए तब तो पार्टी को कुछ फायदा है। वरना इन कुछ नेताओं के मीडिया में चमकने से कांग्रेस को क्या फायदा?खैर हरियाणा में कांग्रेस ने अपना बहुत बड़ा नुकसान किया। अगर यह आपस में इस गंदे तरीके से नहीं लड़ते तो ईवीएम की कोशिशें भी शायद असफल हो जातीं।ईवीएम एक पहलू है। मगर जब पार्टी खुद ही कमजोर हो जाए तो ईवीएम को तो दूगनी ताकत से अपना खेल करने का मौका मिल जाता है।और मान लीजिए ईवीएम ने हराया तो फिर क्या यह भी मान लें कि आपने कोई गलती नहीं की। कोई नहीं चिल्ला रहा था कि मुझे मुख्यमंत्री बना दो।क्या मैं बनुंगा मुख्यमंत्री, मैं बनुंगी के प्रलाप से कोई नुकसान नहीं हुआ? तो फिर पार्टी अध्यक्ष खरगे ने नवंबर में दिल्ली की सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह क्यों कहा कि पार्टी के नेता एक दूसरे के हराने में लगे हुए थे?तो अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है।भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी।गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल। राहुल के पीछे ऐसे पड़े रहते हैं जैसे राहुल के बारे में अगर एक दिन भी खराब बोलना बंद कर देंगे तो राहुल छा जाएगा।

उन्हें यह नहीं मालूम कि राहुल तो छाया हुआ है। बस अपने खुद स्वभाव के कारण फिनिशर नहीं बन पा रहा। पहले भारत की क्रिक्रेट टीम के साथ भी यह समस्या थी।मगर फिर उन्होंने मैच फिनिश करना सीखा। मतलब खेले तो अच्छा और जीते भी। देखते हैं 2025 जिसके बारे में कांग्रेस ने अपनी बेलगावी सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में बड़ी बड़ी घोषणाएं की हैं क्या होता है।संगठनका महत्व है अपना। मगर नेतृत्व का सबसे ज्यादा है। नेतृत्व अपने नेताओं को जवाबदेह बनाने वाला होना चाहिए। इन्दिरा गांधी का नेतृत्व तो डर पैदा करता था।डर इस बात का कि नेता गलत करेगा तो बचेगा नहीं। 1980 वापसी करते ही अर्जुन सिंह को बना दिया था मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री। सारे बड़े बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल प्रकाश चंद सेठी देखते रह गए। नया नेतृत्व पैदा कर दिया था।पता नहीं राहुल अपने मुख्यमंत्रियों से कामों का हिसाब किताब भी मांगते हैं या नहीं? ऐसे ही पार्टी के महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों, डिपार्टमेंट के चैयरमेनों से। यह काम नेतृत्व में किसी को करना पड़ेगा।खरगे खुद करें, प्रियंका करें। और राहुल जो वकाई कांग्रेस के सबसे बड़े जननेता हैं वे करें तो सबसे अच्छा।अभी राहुल का समय है। बीजेपी का कोई दांव कामयाब नहीं हो रहा। उनके विदेश जाने को मुद्दा बनाया जा रहा है। मगर नहीं बन रहा।लोग मानने लगे हैं कि राहुल उन जैसे हैं। हिप्पोक्रेट नहीं हैं। झूठे हार्ड वर्क 16- 18 घंटे काम करने की कहानी नहीं फैलाते हैं। छुट्टी जैसे हम सब मनाते हैं वह भी मनाते हैं। सबको मनाना भी चाहिए।मगर यह जो राहुल का समय है जिसे क्रिकेट में फार्म कहते हैं। हमेशा रहने वाला नहीं है। फार्म को हमेशा अस्थाई माना जाता है। टेंपरेरी। क्लास को परमानेंट। स्थाई। राजनीति में क्लास क्या है? उच्च स्थिति में।अपने निर्णयों को मनवाना। मेहनत तो राहुल बहुत करते हैं। जनता में भी बहुत जाते हैं। दो यात्राएं जबर्दस्त रहीं। समाज के अलग कामकाजी समूहों में जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर लोकसभा में प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। हर काम में परफेक्ट। मगर नेता का काम होता है लोगों से काम लेना। सबसे बड़ा काम वही है।

# दिल्ली को पीएम मोदी देंगे 12,200 करोड़ की योजनाओं की सौगात, पहली बार होगी नमो ट्रेन की एंट्री



नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख विकास परियोजनाओं की श्रृंखला का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 5 जनवरी को 12,200 करोड़. प्रधानमंत्री साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिसकी लागत लगभग 4,600 करोड़ रुपये है।

वह दिल्ली मेट्रो चरण-IV के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच लगभग 1,200 करोड़ रुपये की 2.8 किलोमीटर लंबी सड़क का भी उद्घाटन करेंगे। यह दिल्ली मेट्रो चरण-IV का पहला खंड होगा जिसका उद्घाटन किया जाएगा।

मोदी दिल्ली मेट्रो चरण-IV के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला भी रखेंगे, जिसकी लागत लगभग 6,230 करोड़ रुपये है। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। नया गलियारा दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा और रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे क्षेत्रों सहित दिल्ली और हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करेगा। एक बार परियोजना पूरी हो जाने पर, यह विस्तारित रेड लाइन के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच सीमा पार यात्रा को बढ़ाएगी।

वह नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। प्रोजेक्ट का बजट करीब 185 करोड़ रुपये है। परिसर स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। नई इमारत में प्रशासनिक ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक और एक समर्पित उपचार ब्लॉक होगा, जो रोगियों और शोधकर्ताओं के लिए एक एकीकृत और निर्बाध स्वास्थ्य सेवा अनुभव सुनिश्चित करेगा। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किमी लंबे हिस्से का उद्घाटन होगा। इसकी कीमत करीब 4,600 करोड़ रुपये है. नई कनेक्टिविटी दिल्ली को अपना पहला नमो भारत लिंक प्रदान करेगी। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा में काफी सुधार होगा। यह तेज़, सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय परिवहन प्रदान करके लाखों लोगों को लाभान्वित करेगा।




केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने अजमेर में 13वीं सदी के सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाई।

## प्रधानमंत्री मोदी के अजमेर दरगाह पर चादर भेजने से कोई फायदा नहीं : ओवैसी



नई दिल्ली (ए.)। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर दरगाह पर चादर भेजे जाने से कोई फायदा नहीं है और सरकार को मौजूदा मस्जिदों या दरगाहों को लेकर अदालतों में दायर किए जा रहे दावों को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि चादर भेजने के पीछे संदेश यह है कि सरकार मस्जिदों में आस्था रखने वालों की फिक्र करती है, लेकिन भाजपा और संघ परिवार के लोग यह कहते हुए अदालतों में जा रहे हैं कि ख्वाजा अजमेर की दरगाह कोई दरगाह नहीं है, जैसा कि उनका कुछ मस्जिदों के मामले में तर्क है। ओवैसी ने कहा कि सरकार का असली काम ऐसे दावों को खत्म करना है। अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू ने शनिवार को सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर दरगाह पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भेजी गई चादर चढ़ाई। मोदी द्वारा चादर भेजे जाने के बारे में पूछे जाने पर ओवैसी ने कहा कि भाजपा और संघ परिवार से जुड़े लोग इस दावे के साथ देश में कई स्थानों पर खुदाई की मांग करते हुए अदालतों का रुख कर रहे हैं कि मौजूदा मस्जिद या दरगाह कोई मस्जिद या दरगाह नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर प्रधानमंत्री चाहें तो ये सब चीजें बंद हो जाएंगी।

ओवैसी ने कहा कि मस्जिदों से जुड़े सात से अधिक ऐसे मुद्दे भाजपा शासित उत्तर प्रदेश से हैं। दो काउंटी की स्थापना पर केंद्र द्वारा चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराए जाने पर ओवैसी ने कहा कि सरकार चीन से निवेश चाहती है और पड़ोसी देश के साथ आयात असंतुलन को सहन कर रही है। उन्होंने कहा, यह सरकार चीन से डरती है। कैसा विरोध वे (चीन) हमारी जमीन पर काउंटी, बांध बना रहे हैं? अगर बांध बन गया तो किसे नुकसान होगा।

## 18 साल बाद आया फैसला, कोर्ट ने सभी 9 आरोपियों को किया बरी

नांदेड़ (ए.)। नांदेड़ की एक अदालत ने शनिवार को 2006 के नांदेड़ विस्फोट मामले में सभी जीवित आरोपियों को बरी कर दिया। इस मामले के कुल 12 आरोपियों में से दो की विस्फोट में मौत हो गई थी, जबकि एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सी वी मराठे ने बाकी नौ आरोपियों को बरी कर दिया। 2006 में 4 और 5 अप्रैल की मध्यरात्रि को नांदेड़ में लक्ष्मण राजकोंडवार, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता थे। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि कथित तौर पर विस्फोटक उपकरण को असेंबल करते समय राजकोंडवार के बेटे नरेश राजकोंडवार और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हिमांशु पांसे की हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच शुरू में महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा की गई थी और बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित कर दी गई थी। बचाव पक्ष के वकील नितिन रुनवाल के अनुसार, मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के 49 गवाहों से पूछताछ की गई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) शुरू में मामले की जांच कर रहा था और बाद में इसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया गया था। बचाव पक्ष के वकील नितिन रुनवाल ने कहा कि विस्फोट मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के 49 गवाहों से पूछताछ की गई।

## रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत के बीच समन्वय अहम : वैष्णव

नई दिल्ली (ए.)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच समन्वय जरूरी है। वैष्णव ने तीन नयी रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम 12 स्थानों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के मानद विश्वविद्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं, जिनमें पांच पूर्वोत्तर में हैं। उद्योग की आवश्यकताओं को कॉलेज में पूरा किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ती है। एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एकमात्र विश्वविद्यालय है। वैष्णव ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से जिन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, उनमें गुवाहाटी-न्यू



लखीमपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस, न्यू बोंगाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर ट्रेन और तिनसुकिया-नाहरलागुन एक्सप्रेस शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी उपस्थित थे। रेल मंत्री ने दिसपुर में तेतेलिया रोड ओवरब्रिज का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। असम यात्रा के दौरान वैष्णव जगीरोड स्थित टाटा सेमीकंडक्टर फैक्टरी का दौरा करने के साथ ही पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की जारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने आकाशवाणी कोकराझार में 10 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उद्घाटन किया।

### सोने की तस्करी के आरोप में मणिपुर के दो व्यक्ति दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय राजधानी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मणिपुर के दो लोगों को 1.34 करोड़ रुपये मूल्य का सोना तस्करी कर देश में लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीमाशुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि करीब 19 वर्ष के दोनों नवयुवकों को बुधवार को सऊदी अरब के जेद्दा से यहां पहुंचने पर पकड़ा गया। विभाग ने च्एक्सज् पर पोस्ट किया कि दोनों ने अपने मलाशय में रासायनिक पेस्ट के रूप में 1.8 किलोग्राम सोना छुपा रखा था। सीमाशुल्क विभाग ने बताया कि जब्त सोने की कीमत 1.34 करोड़ रुपये आंकी गयी है। उसने बताया कि दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दिल्ली में स्कूल के बाहर छात्र की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली(आरएनएस)। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हत्या की घटना सामने आई है. यहां राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच शुक्रवार को स्कूल के बाहर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. इस दौरान एक छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया. घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक नौवीं कक्षा का छात्र है और पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके का रहने वाला था. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है.पुलिस के मुताबिक, छात्र शुक्रवार को एक्स्ट्रा क्लास के बाद जब घर जा रहा था, तभी स्कूल के ही एक छात्र से उसका उसका झगड़ा हो गया. इसके बाद आरोपी छात्र ने अपने कुछ साथियों को भी वहां बुला लिया और सभी ने मिलकर छात्र के साथ मारपीट की. इस दौरान आरोपियों में से एक ने चाकू निकालकर छात्र की जांघ पर वार कर दिया.हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



पूर्व कांग्रेस नेता मथुरा दत्त जोशी, बिट्टू कर्नाटक और जगत सिंह खाती के देहरादून में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बात की।

## आप सत्ता में लौटी तो पानी के बढ़े हुए बिल माफ कर दिए जाएंगे : केजरीवाल

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में अगले महीने वाले होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में लौटती है तो दिल्ली के लोगों के बढ़े हुए पानी के बिलों को माफ कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनता को भेजे जा रहे हजारों-लाखों रुपये के पानी के बिलों से लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके जेल जाने के बाद से ही लोगों को पानी के बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। आप प्रमुख ने लोगों से इन बिलों का भुगतान न करने का आग्रह किया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने पहले भी कहा था, लेकिन आज मैं औपचारिक तौर पर घोषणा कर रहा हूं कि विधानसभा चुनाव होने पर जब आप सत्ता में वापस आएगी तो ये बढ़े हुए पानी के बिल माफ कर दिए जाएंगे। जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत हैं, उन्हें बिल भरने की जरुरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आप सरकार प्रति माह 20,000 लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराती है और राजधानी के 12 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिलता है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीट पर अगले महीने चुनाव होने हैं, जिसमें आपलगातार चौथी बार जीत हासिल करने की कोशिश कर रही है।

## मुस्लिम समाज की पहल से बनेगा भारत सांप्रदायिक सौहार्द्र का वैश्विक प्रतीक : इंद्रेश कुमार




लखनऊ (ए.)। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (MRM) उत्तर प्रदेश की एक ऐतिहासिक बैठक गांधी स्मृति हाल, कैसरबाग में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम ने सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक संवाद की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए विवादित धार्मिक स्थलों पर समाधान खोजने का आह्वान किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ नेता और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों को राष्ट्रहित में आगे आना होगा। काशी, मथुरा और सम्भल के विवाद पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम समाज को पहल दिखानी होगी और कुरान और हदीस की रोशनी में बड़े फैसले करने होंगे। मुख्य वक्ता और मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि मुस्लिम समाज अपनी जिम्मेदारी समझे और संवाद से काशी, मथुरा और सम्भल जैसे स्थलों पर विवाद खत्म करे। इस्लाम में जबरन कब्जे की इजाजत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म के नाम पर कब्जा और हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से इन स्थलों को हिंदू समाज को सौंपने की अपील की, ताकि भारत सांप्रदायिक सौहार्द्र का वैश्विक उदाहरण बने। साथ ही साथ इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुसलमानों को वैसी पार्टियों और संगठनों को पहचान कर दूरी बनानी होगी जो उन्हें वोट बैंक समझ कर बेचने, बहकाने, बरगलाने और लड़ाने का काम करते हैं। डॉ. कुमार ने धार्मिक विवादों को हल करने के लिए मुस्लिम समाज से आत्ममंथन और संवाद की पहल करने को कहा। उन्होंने कुरआन और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जे की जमीन पर बनी मस्जिदें नाजायज हैं। इस्लाम अमन और इंसाफ का मजहब है। विवादों का हल संवाद और सहमति से निकाला जाना चाहिए।

## बेंगलुरु की कोर्ट से निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को राहत, मिली जमानत

बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने निकिता सिंघानिया (पत्नी), निशा सिंघानिया (सास) और अनुराग सिंघानिया (जीजा) को जमानत दे दी। सिंघानिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम जमानत की मांग की थी। उसके वकील ने अदालत को बताया था कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी और पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कोई आधार नहीं दिया था। वकील ने अदालत से सिंघानिया को अंतरिम जमानत देने का आग्रह किया ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपना बचाव कर सकें। अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। सिंघानिया के वकील ने तर्क दिया कि जमानत के बिना, वह कार्यवाही में शामिल नहीं हो सकेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक हिरासत लड़ाई के बराबर होगी जिसे उसकी अनुपस्थिति में अस्वीकार कर दिया जाएगा। मामले की आगे की सुनवाई अब 6 जनवरी को होगी। वहीं जमानत याचिका पर 4 बेंगलुरु की कोर्ट ने आज सुनवाई के बाद निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी।

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने तैयारियों का लिया जायजा, बोले- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रयागराज (ए.)। महाकुंभ 2025 की तैयारियों के जोर पकड़ने के बीच, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इस शनिवार को कुंभ स्थल का व्यापक निरीक्षण किया। मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने कड़े सुरक्षा उपायों पर जोर दिया और जनता को आश्वासन दिया कि सुरक्षा चूक की किसी भी संभावना को खत्म करने के लिए क्षेत्र निरंतर सीसीटीवी निगरानी में है। उन्होंने कहा कि हमने महाकुंभ से पहले की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महाकुंभ की तैयारियां पिछले कुछ महीनों से बड़े पैमाने पर चल रही हैं। प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ के लिए की गई व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं और हम उन्हें



बेहतर बनाने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियंत्रण, अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन के लिए विशेष धनराशि दी गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। 2019 के प्रयागराज कुंभ मेले की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये हैं। पूरे इलाके में निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। सभी विभागों के समन्वय से काम चल रहा है। यहां सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। हमने जिम्मेदारी ली है और तैयारी की है। क्योंकि महाकुंभ के दौरान 40 से 50 करोड़ लोग पवित्र स्नान करेंगे। डीजीपी ने व्यापक सुरक्षा ढांचे के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें अर्धसैनिक उपस्थिति और दुनिया की सबसे बड़ी सभा से निपटने के लिए विभागों के बीच सहयोग करने वाली एक स्थापित सेना छावनी शामिल है। कुमार ने आश्वासन दिया कि एक निर्बाध तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कई भक्तों द्वारा अयोध्या में अपेक्षित क्रॉसओवर सहित कार्यक्रम के सभी पहलुओं को सावधानीपूर्वक कवर किया गया है।

## महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधाः सीएम योगी

अयोध्या (ए.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, क्लाउड मैनेजमेंट, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और अन्य लोग नई दिल्ली स्थित राज्य कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस घोषणापत्र समिति की बैठक के दौरान।

# आयरा बंसल तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करेंगी



गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी।

म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला।जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। सेट पर उनके साथ जितना भी समय बिताने का मौका मिला, मैंने उनसे जितना हो सका सीखने की कोशिश की और खुद को एक अभिनेता के रूप में निखारा,

आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।

## जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है. तस्वीरों में जान्हवी ने सिल्वर शिमरी टॉप और बेल्ट स्टाइल ग्रे स्कर्ट पहना हुआ है, जो उन्हें एक डिवा लुक दे रहा है. जान्हवी ने अपने लुक को खुले कर्ली बालों और न्यूड ग्लो मेकअप के साथ पूरा किया है. उनकी स्टाइलिंग में शार्प कॉन्टूरिंग और हाईलाइटर का परफेक्ट इस्तेमाल देखा जा सकता है, जो उनके चेहरे पर ग्लो एड करता है.

इन तस्वीरों में जान्हवी ने दीवार के पास खड़े होकर स्टाइलिश पोज दिए हैं, जिससे उनकी अदाएं और भी कातिलाना लग रही हैं. पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, पुश 2 स्टार्ट और इस पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं. मृणाल ठाकुर ने फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ की, वहीं फैंस ने भी उन्हें स्ले क्वीन और स्टनिंग कहकर सराहा है. जान्हवी के इस पोस्ट को अब तक 6.5 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो उनकी पॉपुलैरिटी को साबित करता है. उनकी यह ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

## मैडॉक फिल्म्स का बड़ा धमाका, स्त्री 3, भेड़िया 2 और महा मुंज्या समेत हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा




2024 में स्त्री 2 और मुंज्या ने अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया और तभी से दर्शक इन फिल्मों की अगली कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. लेकिन अब मेकर्स ने दर्शकों के इंतजार को खत्म करते हुए स्त्री 3, महा मुंज्या और भेड़िया समेत मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्मों का अनाउंसमेंट किया है. तो आइए जानते हैं ये फिल्में कब रिलीज होगी इनके बड़े पर्दे पर आने के लिए दर्शकों को और कितना इंतजार करना होगा.मैडोक फिल्म्स ने हाल ही में एक जबरदस्त पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें उन्होंने अपकमिंग 8 हॉरर-कॉमेडी फिल्मों का अनाउंसमेंट किया. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, दिनेश विजान मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में प्रस्तुत करते हैं जो आपको हंसी, खौफ, रोमांच और चीखों की वाइल्ड राइड पर ले जाएंगी.थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अपारशक्ति खुराना, परेश रावल जैसे कलाकार होंगे. यह फिल्म 2025 दिवाली के लिए शेडूयल हुई है. इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को शक्ति शालिनी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जिसके बारे ज्यादा डिटेल सामने नहीं आई है. वहीं वरुण धवन की भेड़िया की सीक्वल भेड़िया 2 साल 2026 में 14 अगस्त के लिए शेड्यूल हुई है जिसके बाद 4 दिसंबर 2026 को चामुंडा रिलीज होगी.स्त्री फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त स्त्री 3 साल 2027 में 13 अगस्त को रिलीज होगी. 2024 में स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. इसकी कहानी, ह्यूमर ने दर्शकों का दिल जीत लिया. फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पकंज त्रिपाठी, अभिषेक बैनर्जी ने खास रोल प्ले किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन का कैमियो था वहीं तमन्ना भाटिया ने इसमें स्पेशल डांस किया था. इसी साल रिलीज हुई मुंज्या का सीक्वल महा मुंज्या 24 दिसंबर 2027 को रिलीज होगी. मुंज्या में अभय वर्मा और शरवरी वाघ लीड रोल में थीं. वहीं 2028 के लिए दो फिल्मों पहला महायुद्ध 11 अगस्त और दूसरा महायुद्ध 18 अक्टूबर के लिए शेड्यूल किया गया. इनके बारे में ज्यादा डिटेल सामने नहीं आई है.

## विनीत कुमार सिंह की फिल्म मैच फिक्सिंग की नई रिलीज का ऐलान, नया पोस्टर भी जारी




अभिनेता विनीत कुमार सिंह का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की सूची में शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई है।पिछली बार उन्हें वेब सीरीज रंगबाज: डर की राजनीति में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह जी5 पर उपलब्ध है।पिछले काफी समय से विनीत अपनी आगामी फिल्म मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार अब फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।

राजनीतिक थ्रिलर मैच फिक्सिंग: द नेशन एट स्टेक पहले 15 नवंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का नया पोस्टर भी सामने आया गया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है।इसमें अनुजा साठे और मनोज जोशी जैसे सितारे भी नजर आएंगे। केदार गायकवाड़ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब, द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है। फिल्म की कहानी अनुज एस मेहता ने लिखी है। फिल्म में राजनीतिक बैकग्राउंड बखूबी दिखाया जाएगा। यही नहीं, मैच फिक्सिंग में भारत और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के बीच मुठभेड़ और आतंकी हमलों को भी पर्दे पर जीवंत तरीके से दिखाया जाएगा। अगर आप भी थ्रिलर फिल्में देखने के शौकीन हैं तो यह फिल्म देखने के लिए तैयार हो जाइए।

### *लवयापा का टाइटल ट्रैक आउट, जुनैद खान-खुशी कपूर के बीच जबरदस्त दिखी केमिस्ट्री*

*बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी आगामी फिल्म लवयापा की रिलीज के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. इस गाने में सोशल मीडिया के दौर में जुनैद और खुशी के बीच की मजेदार केमिस्ट्री दिखाई गई है. नक्श अजीज और मधुबंती बागची ने इस गाने को अपनी आवाज दी है.*

*जी म्यूजिक कंपनी ने इंस्टाग्राम पर गाने की झलक पेश की है और कैप्शन में लिखा है, बाबू शोना करते-करते हो गया दिमाग का भजियापा? खैर, यह लवयापा की शुरुआत है. लवयापा हो गया गाना रिलीज हो गया है. लवयापा इस वैलेंटाइन वीक में 7 फरवरी 2025 से सिनेमाघरों में.*

*यह आगामी रोमांटिक कॉमेडी 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी. लाल सिंह चड्ढा का निर्देशन करने वाले अद्वैत चंदन इस प्रोजेक्ट को निर्देशित करने के लिए आए हैं. फिल्म का निर्माण फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने किया है. मेकर्स के अनुसार, लवयापा प्यार और उसकी कॉम्प्लिकेशन की एक उलझी हुई कहानी है जिसमें मस्ती और मजाक दोनों है, जो एक सिनेमाई ट्रीट बनने जा रही है.*

## पुष्पा 2 का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा, वर्ल्डवाइड कमाए 1,799 करोड़, 4 हफ्तों में तोड़ा बाहुबली 2 रिकॉर्ड



अल्लू अर्जुन की धांसू एक्शन फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने चौथे हफ्ते में एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसने रिबेल स्टार प्रभास की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि 29वें दिन सुकुमार की निर्देशित फिल्म के कलेक्शन में 46 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई. फिल्म ने 29वें दिन अब तक की सबसे कम कमाई की है.

सुकुमार की निर्देशित एक्शन पुष्पा 2 तमाम विवादों के बीच भी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बना और तोड़ रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में 5.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें से 1.18 करोड़ रुपये तेलुगू से, 3.75 करोड़ रुपये हिंदी से, 0.15 करोड़ रुपये तमिल से, 0.01 करोड़ रुपये कन्नड़ से और 0.01 करोड़ रुपये मलयालम से आए. चौथे हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन करीब 69.75 करोड़ रुपये रहा.

अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म का सबसे ज्यादा कारोबार हिंदी भाषा से हुआ है. दूसरे नंबर पर 13.59 करोड़ रुपये के साथ तेलुगू वर्जन हैय. तमिल ने 2.15 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि कन्नड़ और मलयालम क्रमशः 0.19 करोड़ रुपये और 0.07 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ चौथे और पांचवें पायदान पर हैं. 29 दिनों के परफॉर्मेंस के बाद पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में कुल 1189.85 करोड़ रुपये कमाए हैं.

पुष्पा 2 हिंदी बेल्ट में शानदार परफॉर्म कर रही है. इसने रिलीज के 29वें दिन 3.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि यह चौथे हफ्ते में 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में नाकाम रही, लेकिन इसके करीब जरूर पहुंच गई है.

मेकर्स के मुताबिक, पुष्पा 2 ने 25 दिनों में 770.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं, 26वें दिन 5.5 करोड़ और 27 वें दिन 6.25 करोड़ रुपये कमाए. 28वें दिन इसके कलेक्शन में उछाल आया और दिन 9.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. बड़ी उछाल के बाद एक बार फिर पुष्पा 2 का ग्राफ गिरा. 29वें दिन पुष्पा 2 हिंदी वर्जन ने 3.75 करोड़ रुपये कमाए, जो इसकी अब तक की सबसे कम कमाई है. 29 दिनों के बाद, पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में कुल कलेक्शन 795.25 करोड़ रुपये हो गए हैं.

पुष्पा 2 के मेकर्स ने फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट दिया है. मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पराज का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, पुष्पा 2 अपनी रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने 4 हफ्तों में दुनियाभर में 1799 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ पुष्पा 2 ने प्रभास की फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, बाहुबली 2 ने दुनियाभर में 1788.06 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था.

## सर्दियों में इन 4 लोगों को नहीं खानी चाहिए फूलगोभी, नहीं तो बढ़ सकती है समस्याएं



आजकल बाजारों में हरी-भरी ताजी फूलगोभी की सब्जियों काफी मात्रा में मिल रही हैं. फूलगोभी सब्जी कई विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा होता है. फूलगोभी में ऐसे कई पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाने में काफी मदद करते हैं. फूलगोभी में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. जोकि शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं. लेकिन सर्दियों के मौसम में हर रोज फूलगोभी खाने से कुछ लोगों को कई सारी दिक्कते हो सकती है. आइए जानते हैं फूलगोभी खाने के नुकसान के बारे में...

### इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए फूलगोभी-

गैस और एसिडिटी में न खाएं फूलगोभी

जिन लोगों को खान-पान से गैस और एसिडिटी की समस्या होती है. उन लोगों को सर्दियों के मौसम में फूलगोभी का सेवन कम करना चाहिए. क्योंकि फूलगोभी में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ाता है. ऐसे में फूलगोभी की सब्जी या पराठा खाने के बाद आपको गैस और पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है.

### थायराइड में न खाएं

अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो आपको भूलकर भी फूलगोभी नहीं खानी चाहिए. इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है. फूलगोभी खाने से थायरॉइड ग्रंथि की आयोडीन की क्षमता कम हो जाती है. इससे काफी परेशानी हो सकती है. इसलिए थायरॉइड के मरीजों को फूलगोभी कम से कम खाना चाहिए.

### पथरी होने पर न खाएं

पथरी की समस्या से परेशान लोगों को फूलगोभी का सेवन भी नहीं करना चाहिए. ये काफी हानिकारक हो सकता है. खासकर अगर आपको पित्ताशय और किडनी में पथरी है तो आपको फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम होता है जो पथरी की समस्या को और बढ़ा सकता है.

# नीम की लकड़ी के कंघे से बालों को मिलेंगे ये 5 फायदे, जानें कैसे करें इस्तेमाल



बालों की देखभाल के लिए सही कंघे का चुनाव बहुत अहम होता है।आजकल बाजार में कई तरह के कंघे उपलब्ध हैं, लेकिन नीम की लकड़ी से बने कंघे का उपयोग आपके बालों के लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।यह न केवल बालों को स्वस्थ रखता है बल्कि उन्हें प्राकृतिक चमक भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि नीम की लकड़ी के कंघे का इस्तेमाल करने से बालों को क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### बालों की जड़ों को बना सकता है मजबूत

नीम की लकड़ी का कंघा बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करता है। जब आप इस कंघे से अपने बाल संवारते हैं तो यह आपके स्कैल्प पर हल्का मसाज करता है, जिससे रक्त संचार बढ़ता है।इससे आपके बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और उनका गिरना कम होता है। इसके अलावा यह खोपड़ी में मौजूद गंदगी और तेल को भी साफ करता है, जिससे आपका स्कैल्प स्वस्थ रहेगा।

### रूसी और खुजली से दिला सकता है राहत

नीम अपने एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, जो रूसी और खुजली जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है।नीम की लकड़ी का कंघा नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर स्कैल्प पर जमा बैक्टीरिया और फंगस को खत्म कर देता है।इससे न केवल खुजली कम होती है बल्कि रूसी भी धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं। इसके अलावा यह स्कैल्प को साफ और स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक होता है।

### बालों का सुलझाना होता है आसान

नीम की लकड़ी का कंघा आपके उलझे बालों को आसानी से सुलझाने में मदद करता है। इसकी चिकनी सतह के कारण यह बिना खींचतान के बालों को सुलझा देता है, जिससे बाल टूटते या झड़ते नहीं हैं।इसके अलावा यह बालों की लंबाई बनाए रखने में भी सहायक होता है। इसका नियमित उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ और मजबूत बने रहते हैं, जिससे उनका गिरना भी कम होता है।

### बालों में ला सकता है प्राकृतिक चमक

नीम की लकड़ी के कंघे का नियमित उपयोग आपके बालों को प्राकृतिक चमक देता है।जब आप इस कंघे से बाल संवारते हैं तो नीम का तेल धीरे-धीरे स्कैल्प पर फैलता है, जिससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं।यह तेल बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है, जिससे वे उलझने से बचते हैं और टूटने से भी सुरक्षित रहते हैं।नीम के कंघे का उपयोग आपके बालों को स्वस्थ और आकर्षक बनाए रखता है।

### पर्यावरण अनुकूल विकल्प

नीम की लकड़ी का कंघा पर्यावरण के लिए एक अनुकूल विकल्प है। यह जैविक पदार्थों से बना होता है, जो प्रदूषण नहीं फैलाते।प्लास्टिक या धातु के कंघों के विपरीत, यह प्राकृतिक रूप से सुरक्षित है।इसके अलावा नीम की लकड़ी का कंघा लंबे समय तक चलता है, जिससे बार-बार नया खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।यह टिकाऊ और मजबूत होता है, जो आपके बालों को बिना नुकसान पहुंचाए संवारता है और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है।

# सिडनी टेस्टः स्टीव स्मिथ ने घरेलू सरजमीं पर पूरे किए 5,000 रन

सिडनी,,(आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला जा रहा है। मैच में कंगारू टीम की पहली पारी सिर्फ 181 रन पर खत्म हो गई ।इस दौरान दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने घरेलू सरजमीं पर 5,000 रन पूरे कर लिए ।उन्होंने 22 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले कंगारू टीम के छठे बल्लेबाज बने हैं ।ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा रन रिकी पोंटिंग ने बनाए हैं। वह 92 टेस्ट की 154 पारियों में 56.97 की औसत से 7,578 रन बनाने में सफल रहे हैं ।एलन बॉर्डर 5,743 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। स्टीव वॉ ने ऑस्ट्रेलिया में 5,710 रन बनाए हैं। डेविड वार्नर के बल्ले से 5,438 रन और मैथ्यू हेडन के बल्ले से 5,210 रन निकले हैं ।इन खिलाड़ियों में सिर्फ स्मिथ ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 60 से ज्यादा का रहा है ।स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच साल 2010 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने घरेलू सरजमीं पर 58 मुकाबले खेले हैं। इसकी 99 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 60.37 की औसत से 5,011 रन बनाने में सफल रहे हैं ।उनके बल्ले से 18 शतक और 19 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 रन रहा है ।स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा रन (2,255) इंग्लैंड में बनाए हैं ।भारत के खिलाफ स्मिथ ने पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 24 मुकाबले खेले हैं और इसकी 45 पारियों में 6 बार नाबाद रहते हुए 60.30 की औसत से 2,352 रन बनाए हैं ।उनके बल्ले से 11 शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 192 रन रहा है ।इस सीरीज में स्मिथ ने 8 पारियों में 38.75 की औसत और 2 शतक की मदद से 310 रन बनाने में सफल रहे हैं ।भारतीय टीम के 185 रन के जवाब में कंगारू टीम को शुरुआती झटके लगे। 96 रन तक टीम के 5 बल्लेबाज पवेलियन में थे। उनकी पूरी टीम 181 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत को 4 रन की अहम बढ़त मिली। ब्यू वेबस्टर (57*) को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

# भारत का कप्तान बनना आसान नहीं, युवाओं को करनी होगी कड़ी मेहनत : रोहित शर्मा



सिडनी, (ए.)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह इस टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इसी बीच रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी।

रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में वह धार नहीं दिखाई दे रही है जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल भी उठ रहे हैं।

इस बीच अंतिम टेस्ट मैच में रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। रोहित ने लंच ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, यह कहना बहुत मुश्किल है। बहुत से लड़के हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि वे पहले क्रिकेट के महत्व को समझें और इस जगह के महत्व को भी समझें। वे नए लड़के हैं, और मुझे पता है कि उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। लेकिन उन्हें इसे कमाना होगा। जैसे, मैं अब यहां हूं। बुमराह यहां हैं। विराट (कोहली) उनसे पहले यहां थे। एमएस धोनी उनसे पहले यहां थे। हर किसी ने इसे कमाया है। किसी को भी यह थाली में परोस कर नहीं मिला है, और किसी को भी इसे ऐसे ही नहीं मिलना चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, लड़कों में बहुत प्रतिभा है। लेकिन साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि भारत का कप्तान बनना आसान नहीं है। दबाव तो है, लेकिन यह बहुत बड़ा सम्मान है। हमारा इतिहास और जिस तरह से हम क्रिकेट खेलते हैं, उसमें दोनों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें इसे हासिल करने दें। बुमराह की कप्तानी पर रोहित शर्मा ने कहा, बेशक, उनके पास खेल के बारे में बहुत सारे विचार हैं। जिस तरह से वह दूसरों के लिए अपनी गेंदबाजी का उदाहरण पेश करते हैं, वह बेहतरीन है। उनमें वह बेहतरीन क्षमता है, वह खेल को समझते हैं और हमेशा टीम को आगे रखते हैं। मैं पिछले 11 सालों से उन्हें देख रहा हूं। मैंने उन्हें पहली बार 2013 में देखा था। उनका ग्राफ भी ऊपर गया है। उन्होंने अपने खेल, अपनी सोच में बहुत विकास किया है। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, उसे पूरी दुनिया देख रही है। भारत के कप्तान के तौर पर क्या सीखने को मिला, इस सवाल के जवाब में रोहित ने बताया कि नेतृत्व में, आपको यह स्वीकार करना होगा कि आपके पास हर दिन अच्छे नहीं होंगे। साथ ही, आप तीन महीने में जो करते हैं वह अचानक खराब नहीं हो जाता। विचार और मानसिकता हमेशा एक जैसी होती है - मैं पांच/छह/आठ महीने पहले जिस तरह की कप्तानी कर रहा था, अभी भी वही मानसिकता, विचारधारा, विचार प्रक्रिया है।

# पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचीं

## -बस ड्राइवर गिरफ्तार

कोलकाता, (आरएनएस)। कोलकाता में एक बार फिर बस ड्राइवर की लापरवाही सामने आई। पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं।



एक लग्जरी बस ने सना की कार को टक्कर मार दी। सूत्रों के मुताबिक, सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली ड्राइवर की सीट के बगल में बैठी थीं। उस समय डायमंड हार्बर रोड पर बेहाला चौराहे के पास दो बसें रेस लगा रही थीं और सना की कार से टकरा गईं। यह घटना बीती रात लगभग 10.30 बजे की है।

सूत्रों के अनुसार, बस ने ड्राइवर की सीट के दरवाजे को टक्कर मारी। टक्कर की वजह से सना की कार असंतुलित हो गई, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ के कारण सना की कार बच गई। हालांकि, कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सना को चोट नहीं आई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस अमता जा रही थी। परिवार ने बेहाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद कोलकाता पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर वाहन को भी जब्त कर लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस बस चालक को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

# सिडनी टेस्ट में भारत को 145 रनों की लीड, पंत की धमाकेदार पारी ने दिल जीत लिया



सिडनी (ए)। सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार कर आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर आलआउट कर 4 रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बनाए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हुई है। दिन का खेल खत्म होने के समय जडेजा 8 और वशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण विकेटकीपर और बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की धमाकेदार बल्लेबाजी रही। पंत ने ये रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वे पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गये। वहीं विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वे सिर्फ 6 रन का योगदान दे सके।

यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही चलते बने। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जबकि मो सिराज ने 51 रन देकर 3 विकेट झटके। बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी ने दो दो विकेट हासिल किए। 4 रन की लीड मिलने के बावजूद बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। शनिवार को के सत्र की शुरुआत में सिर्फ 1 ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। वहीं बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सभी को आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टाकर को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अद्भुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किये। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी।

# कृष्णा ने कहा, बुमराह की पीठ में ऐंठन थी और स्कैन के लिए गए थे

सिडनी, (ए.)। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पुष्टि की है कि कप्तान जसप्रीत बुमराह को शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन के बाद स्कैन के लिए ले जाया गया था।



कृष्णा ने कहा कि मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और बुमराह के स्वास्थ्य पर अपडेट जारी करेगी।

कृष्णा ने शनिवार को खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, हां, उन्हें (बुमराह) पीठ में ऐंठन थी और वे स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, इसलिए जब भी मेडिकल टीम हमसे संपर्क करेगी, हमें (अधिक) जानकारी मिलेगी ।बुमराह टीम के डॉक्टर और एक सुरक्षा अधिकारी के साथ स्टेडियम से बाहर निकले, जैसा कि लाइव प्रसारण में दिखाया गया। तेज गेंदबाज ने सिर्फ एक ओवर फेंका, जिसमें उनकी गति कम थी और दूसरे दिन के खेल के दूसरे सत्र के दौरान विराट कोहली के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद मैदान से चले गए। अब तक के दौरे में बुमराह ने नौ पारियों में 152.1 ओवर फेंके हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पारी में 10 ओवर में 2-33 विकेट लिए, जो अंततः 181 पर समाप्त हुई। उन्होंने पहले दिन की अंतिम गेंद पर उस्मान ख्वाजा को आउट करके और फिर दूसरे दिन के खेल की शुरुआत में मार्नस लाबुशेन को विकेट के पीछे कैच कराकर एक बड़ा झटका दिया।

# सिडनी टेस्टः ऋषभ पंत ने जड़ा भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

सिडनी,(आरएनएस)। भरतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ सिडनी में जारी दूसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक (61) जड़ा।

यह उनके टेस्ट करियर का 15वां और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 29 गेंदों में पूरा किया।

इसके साथ ही वह भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

पंत 59 रन पर तीसरा विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ 5वें विकेट के लिए 46 रन की ताबड़ोड़ साझेदारी निभाई।

वह अपनी पारी में 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने।

बता दें कि भारत के लिए सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड भी पंत के नाम है। उन्होंने 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में यह कारनामा किया था।

पंत ने भारत के लिए पहला टेस्ट मैच साल 2018 में खेला था। अभी तक इस खिलाड़ी ने 43 मुकाबले खेले हैं और इसकी 75 पारियों में 42.11 की औसत से 2,948 रन बनाए हैं।

इसमें 6 शतक और 15 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* रन का रहा हैं ।इसी तरह वह विकेट के पीछे भी 163 शिकार कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने 148 कैच लपके हैं और 15 खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया है।

## विदेश समाचार

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ, कौन था पहला भारतीय-अमेरिकन सांसद

वाशिंगटन (ए)। भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। समुदाय के 6 नेताओं ने प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के रूप में शपथ ली। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था।

शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली। बेरा ने सदन के पटल से सभी छह भारतीय अमेरिकी कांग्रेसियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की ।वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुब्रमण्यन प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की ।सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया। हालांकि रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का अध्यक्ष चुना गया। मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी थानेदार, कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजा कृष्णमूर्ति ने भी शपथ ली।

# महामारी के चलते श्मशानों पर लाशों का ढेर लगा, फिर भी झूठ पर झूठ बोल रहा है चीन




बीजिंग (ए)। कई बार प्रमाणित हो चुका है कि चीन झूठ बोलने में माहिर है। कोरोनाकाल में तमाम सबूत होने के बाद भी वो झूठ बोलता रहा। इस बार भी चीन में कोरोना वायरस जैसी बीमारी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) तेजी से फैल रही है। वहां के अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। यहां तक श्मशानों में भी शवों की दफनाने के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, लेकिन चीन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है।

उसने सोशल मीडिया पर प्रसारित इस तरह के वीडियो को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि जैसा दिखाया जा रहा है, वैसा कुछ भी नहीं। बीजिंग ने तो यहां तक कह दिया कि विदेशी टूरिस्टों के लिए चीन पूरी तरह से सुरक्षित है। चीन का यह बयान ठीक वैसा ही है, जैसा कि उसने पांच साल पहले कोरोना के समय दिया था। उसने कभी नहीं माना कि कोविड-19 वायरस उनके देश से फैला। चीन ने शुक्रवार को देश में बड़े पैमाने पर फ्लू के प्रकोप की खबरों को कमतर बताया, यह कहते हुए कि इस साल सर्दियों में होने वाली सांस संबंधी बीमारियों के मामले पिछले साल की तुलना में कम गंभीर हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशियों के लिए चीन की यात्रा करना बिल्कुल सुरक्षित है ।चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मीडिया को चीन में इन्फ्लूएंजा ए और अन्य श्वसन बीमारियों के प्रसार पर एक सवाल के जवाब में बताया, उत्तर गोलार्ध में सर्दियों के मौसम के दौरान श्वसन संक्रमण का प्रकोप बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, बीमारियां पिछले साल की तुलना में कम गंभीर और छोटे पैमाने पर फैलती दिख रही हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि चीनी सरकार चीनी नागरिकों और चीन में रहने वाले विदेशियों के स्वास्थ्य की परवाह करती है। चीन में यात्रा करना सुरक्षित है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने यह भी बताया कि चीन की राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने सर्दियों में श्वसन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# मैक्सिको का उपयोग डिपोर्टेशन हब के रुप में करने की अनुमति देंगे-शीनबाम

वाशिंगटन (आरएनएस)। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने हाल ही में एक बड़ा और अप्रत्याशित फैसला लेते हुए यह घोषणा की है कि वह अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मैक्सिको का उपयोग एक डिपोर्टेशन हब के रूप में करने की अनुमति देंगी।

इस हब का इस्तेमाल केवल मैक्सिकन प्रवासियों के लिए नहीं बल्कि अन्य देशों से आए गैर-मैक्सिकन प्रवासियों को भी निर्वासित करने के लिए किया जाएगा। मैक्सिको की राष्ट्रपति ने अचानक अपने पहले के रुख को बदलते हुए एक बयान में कहा हम उन्हें यहां स्वीकार करेंगे। हम उन्हें सही तरीके से स्वीकार करेंगे और हमारे पास एक योजना है। यह बयान मैक्सिको और अमेरिका के बीच आव्रजन और निर्वासन के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। बयान में कहा गया, असल में मैक्सिको पर ड्रग कार्टेल का नियंत्रण है। जैसे-जैसे राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह करीब आ रहा है दुनियाभर के नेताओं का झुकाव बढ़ता दिखाई देगा। इससे पहले उन्होंने शुरुआत में यह स्पष्ट कर दिया था कि मैक्सिको निर्वासित अवैध प्रवासियों को स्वीकार नहीं करेगा। यह घोषणा अमेरिका से मैक्सिको लौटाए जा रहे अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर थी।

# सीरिया के विदेश मंत्री असद ने कतर, यूएई, जॉर्डन दौरे की घोषणा की

दमिश्क (आरएनएस)। सीरिया के अंतरिम विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने शुक्रवार को स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास में आने वाले सप्ताह में कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और जॉर्डन दौर के योजना की घोषणा की। अल-शैबानी ने सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में यह टिप्पणी की। सऊदी अरब में उन्होंने और अन्य सीरियाई अधिकारियों ने संबंधों को मजबूत करने और देश के पुनर्निर्माण के लिए समर्थन सुरक्षित करने की मांग की। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि ये दौरे स्थिरता, सुरक्षा, आर्थिक पुनरुद्धार और विशिष्ट साझेदारियों के निर्माण में योगदान देंगे ।दिसंबर की शुरुआत में राष्ट्रपति बशर अल-असद सरकार के पतन के बाद गठित सीरिया का नया नेतृत्व क्षेत्रीय शक्तियों के साथ राजनयिक संपर्क स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। अल-शैबानी की रियाद की पूर्व यात्रा ने सत्ता परिवर्तन के बाद सऊदी और सीरियाई अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक के रूप में ध्यान आकर्षित किया।

# जावानी बरकरार रखने के जनून में अपने बेटे का खून ट्रांसफ्यूज करवाएंगी 47 साल की महिला, बनना चाहती है, ह्यूमन बार्बी

न्यूयॉर्क , (आरएनएस)। अमेरिका से हैरानजनक मामला सामने आया है। यहां 47 साल की महिला मार्सेला इग्लेसिया का मानना है कि अगर वह अपने बेटे का खून अपने शरीर में ट्रांसफ्यूज करवाएंगी तो उसकी जवानी हमेशा के लिए बरकरार रहेगी। महिला का कहना है कि उसे बुढ़ापा पसंद नही है। जवान रहने के लिए वह अब तक कॉस्मेटिक सर्जरी पर 99,000 डॉलर (यानि लगभग 85 लाख रुपये) खर्च कर चुकी हैं। अब बल्ड ट्रांसफ्यूजन करवाने जा रही हैं। महिला खुद को 'ह्यूमन बार्बी' कहती हैं ।अमेरिका की मार्सेला इग्लेसिया ने कहा की वह अपने आप को जवान रखने के लिए अपने बेटे के खून को अपनी बॉडी में ट्रांसफ्यूज करवाएंगी। बेटा भी उनके इस फैसले से खुश है तथा उसका कहना है कि वह अपनी दादी के लिए भी ऐसा करवाने की ख्वाहिश रखता है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला का मानना है कि इस प्रक्रिया से शरीर के सिस्टम में युवा कोशिकाओं को बनाए रखने में मदद होगी। खासकर, अगर डोनर आपका बेटा हो। इग्लेसिया अब ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाने के लिए डॉक्टर तलाश रही हैं। इसके साथ-साथ वह सख्त डाइट फॉलो करती है। दिन में एक घंटे कसरत और आठ घंटे की नींद लेती है।

# बढ़ सकती हैं ट्रंप की मुश्किलें? पोर्न स्टार केस में 10 जनवरी को सजा का ऐलान



वाशिंगटन(ए)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शपथ से पहले मुश्किलें बढ1 सकता हैं। पोर्न स्टार को पैसे देने के मामले में फंसे डोनाल्ड ट्रंप को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। एक जज के मुताबिक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को 10 जनवरी को सज सुनाई जाएगी। जस्टिस जुआन मर्चन के फैसले का मतलब है कि ट्रंप को 20 जनवरी को शपथ ग्रहण से महज 10 दिन पहले अदालत की सुनवाई में पेश होना होगा। जज ने कहा कि 78 वर्षीय ट्रंप इस सजा के दौरान व्यक्तिगत या वर्चुअल तौर पर पेश हो सकते हैं। उन्होंने लिखा कि वह ट्रम्प को जेल की सजा देने के इच्छुक नहीं थे। इस सजा के दौरान ट्रंप को हिरासत या जुर्माना भी नहीं भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि यह सबसे व्यवहारिक समाधान होगा। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहाकि इस केस में कोई सजा नहीं होगी। उन्होंने कहाकि यह कानूनविहीन मामला कभी नहीं लाया जाना चाहिए था, और संविधान मांग करता है कि इसे तुरंत खारिज कर दिया जाए। जस्टिस मर्चन ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के चलते मामले को खारिज करने के ट्रम्प के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने सजा के लिए अपनी योजना की घोषणा की। ट्रंप के बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी थी कि राष्ट्रपति पद के दौरान उनके ऊपर मामला चलने से उनके कार्यकाल पर असर पड़ेगा। मर्चन ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

# नेपाल के बाल गायक सचिन ने 15 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

कांठमांडू,(ए)। नेपाल के प्रसिद्ध बाल गायक सचिन परियार का निधन हो गया है। महज 15 साल की उम्र में सचिन की ऑक्सीजन की कमी और हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हुआ है। काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था, जहां 2 जनवरी को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल सूत्रों के मुताबिक सचिन कई सालों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और पांच साल तक इलाज के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ ।सचिन के निधन से उनके प्रशंसकों और परिवार गहरे सदमें में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सचिन की मां और पिता अपने बेटे के निधन के बाद सुदबुद खो चुके हैं। इंटरनेट पर सामने आए वीडियो में सचिन के अंतिम संस्कार के दृश्य में उनके माता-पिता को रोते बिलखते देखा गया। सचिन की मां की चीखें दिल दहला देने वाली थीं, क्योंकि वह अपने बेटे को खोने के दुख सह नहीं पा रही थी।

# इजरायल ने गाजा को फिर बनाया निशाना, 24 की मौत

गाजा (आरएनएस)। इजरायल ने एक बार फिर गाजा को निशाना बनाया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी पर हमले किए, जिसमें 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी।



गाजा के नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि गाजा शहर के पूर्व में स्थित अल-सैयद अली इलाके में शुक्रवार को हवाई हमले किए गए, जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, इससे पहले गाजा शहर के पश्चिम में अल-शिफा अस्पताल के एंट्री गेट के पास हुए हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल हो गए थे। इस बीच, अल-अहली अरब अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे गाजा शहर के पश्चिम में अल-नस्र स्ट्रीट पर हवाई हमले में मारे गए पांच लोगों के शव मिले हैं। पैरामेडिक्स ने बताया कि अल-जैतून और अल-सबरा इलाकों में हवाई हमलों के बाद मेडिकल टीमों ने तीन बच्चों सहित पांच और शव बरामद किए। इसके अलावा मध्य गाजा में दो लोगों की मौत उस समय हुई, जब एक इजरायली हमले ने अल-जावीदा शहर में एक नागरिक कार को निशाना बनाया।

# राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 05 जनवरी को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे ग्राम नादान रोड़ इछावर स्थित कृषि उपज मंडी के समीप आयोजित आवास मेले में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री वर्मा नादान से प्रस्थान कर दोपहर 03:45 बजे इछावर तहसील के ग्राम मोलगा में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा शाम 05 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का मनाया जन्मदिन

सीहोर (निप्र)। सीहोर में भारत की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 194 जयंती के मौके पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर धर्मशाला सीहोर में जन्मदिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में संघप्रिय कमलेश दोहर धम्म सेवक संघ के राष्ट्रीय संयोजक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे और उन्होंने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस जमाने में महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था, उन्होंने बालिका शिक्षा को लेकर 52 स्कूल खोलें और महिलाओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में बराबर आकर खड़ी हो गई हैं । ऐसी त्याग की देवी के बारे में भारत की हर महिला को जानना जरूरी है । सावित्रीबाई फुले कहती थी कि मैं जिनके बच्चों को पढ़ाती रही उनके ही पालक मेरे ऊपर गोबर फेंकते रहे । इस अवसर पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष एसएल बौद्ध एवं कई जिम्मेदार पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास से मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया और शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले द्वारा किए कार्यों और उनके जीवन संघर्षों पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए, साथ ही वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आरआर मालवीय के शासकीय सेवा से निवृत्त होने पर सम्मानित भी किया गया ।

## लाड़ सिंह बौद्धशाकिर अलि बहुजन समाज पार्टी जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

सीहोर (निप्र)। बहुजन समाज पार्टी द्वारा संगठन विस्तार तिव्रता लाते हुए संगठन में निष्क्रीय पदाधिकारी के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी क्रम में आष्टा निवासी बसपा कार्यकर्ता शाकिर अली को बहुजन समाज पार्टी के जॉन प्रभारी कमलेश दोहरे की अनुशंसा पर बहुजन समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद नियुक्त जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध द्वारा किया गया है। इस नियुक्ति पर बहुजन समाज पार्टी आष्टा के विधानसभा अध्यक्ष देवकरण कुरिल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बद्री लाल कटारिया, अर्जुन पहरवाल, अजय बोयत, लखन आंवले, अपसरखान, अकरम खान, इस्माइल खान, इमरान खान, इकबाल खान, सोनू शाह आदि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है एवं शाकिर अली को बधाई दी है।

# मुनि श्री आदित्य गुरु ससंघ के मंगल प्रवेश पर श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन हो कि भव्य विशाल अगवानी

## श्रद्धालुओं ने अनेक स्थानों पर पद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया





सीहोर (निप्र)। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज साहब के परम शिष्य मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज साहब का ससंघ मंगल प्रवेश शनिवार को चाणक्यपुरी यूनिक एसोसिएट के सामने भव्य विशाल अगवानी भक्ति भाव से ओतप्रोत हो श्रद्धालुओं के अपार जन समूह ने भक्ति भाव से ओतप्रोत हो पद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनि श्री को ससंघ शोभा यात्रा के रूप में श्रावक श्राविकाएं बैंड बाजो के साथ नगर के प्रमुख मार्गो होते हुए श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी पहुचे जहां मुनि संघ ने भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए ।

### महामिलन

ऐतिहासिक अगवानी की चार चांद लग गए जब मुनि संघ और पूर्व से विराजमान आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज साहब के शिष्य 108 निर्णय सागर जी महाराज का छावनी स्थित मंदिर के बाहर महामिलन का एक अविस्मरणीय अमिट दृश्य दिखाई दिया। मुनि श्री आदित्य सागर जी संघ ने शीतकालीन वाचना प्रवास के लिए विराजमान वरिष्ठ पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज साहब के चरण वंदना कर त्याग तप तपस्या के साक्षात मुनि श्री संघ का आत्मीय मिलन हुआ। तत्पश्चात शोभा यात्रा श्रीं आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित इंग्लिशपूरा मंदिर पहुंची । जहां धर्म सभा में मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज साहब ने श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए आशीष वचन दिए । अगवानी में मुख्य आकर्षण का केंद्र थे ।देव नासिक महाराष्ट्रीयन ढोल ग्रुप, दाहोद (30 पथक) श्री वर्धमान सेवा संघ, दिव्यघोष, भोपाल (50 युवा) श्री दिवोदय जयघोष, आष्टा (30 युवा साथी) महाराष्ट्रीयन रंगोली कलाकारों के द्वारा शोभा यात्रा मार्ग पर आकर्षित रंगोली का मांडना माडते हुए चल रहे थे। चलित ऑरकेस्टरा में गायक सारगर्भित मनमोहक भजन कीर्तन करते हुए गगनचुंबी जय घोष करते हुए चल रहे थे।

# स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

सीहोर (निप्र)। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कायक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

# कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों से जिले को टीबी मुक्त बनाने की अपील की

## टीबी को खत्म करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान टीबी हारेगा, सीहोर जीतेगा : कलेक्टर श्री सिंह




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के सभी नागरिकों से सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि टीबी को खत्म करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही जिले में भी 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक शासकीय स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी, सीएचसी, जिला चिकित्सालयों एवं विभिन्न स्थानों पर जाकर टीबी की निशुल्क जांच एवं स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि 02 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है ताकि सीहोर जिले को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सीहोर जिला पूरे प्रदेश के सबसे पहले टीबी मुक्त जिला बने। इसके लिए जिले के प्रत्येक नागरिक के सहयोग की आवश्यकता है। इसलिए टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन निरंतर उपचार और सावधानी से इसका इलाज संभव है। इस बीमारी को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को लंबे समय तक खांसी, बुखार, वजन घटने या भूख न लगने जैसी समस्याएं हों, तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। उन्होने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो कभी भी किसी टीबी के मरीज के संपर्क में आएं हैं वे भी अपनी स्क्रीनिंग कराएं ताकि किसी प्रकार से टीबी का कोई खतरा न रहे। उन्होंने विभिन्न संगठनों, युवाओं और समाजसेवियों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर टीबी को खत्म करने में सहयोग करेंगे तो निश्चित ही टीबी हारेगा और सीहोर जीतेगा।

# गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन प्रारंभ

सीहोर (निप्र)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "गाँव की बेटी योजना" एवं "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं "गांव की बेटी योजना" एवं "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल https://hescholarship.mp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश जारी किये गये है।

# बिना बुलाए प्रभू कथा में पहुंचना चाहिए और बिना आमंत्रण के कहीं जाना नहीं चाहिए : पं तिवारी

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा महापुराण का हनुमान फाटक मंदिर परिसर कस्बा में शनिवार को तीसरा दिन



सीहोर (निप्र)। श्रद्धालु को भागवत कथा के आमंत्रण की प्रतिक्षा नहीं करनी चाहिए बिना बुलाए प्रभू कथा में पहुंचना चाहिए और संसार व्यवहार में बिना आमंत्रण के कहीं जाना नहीं चाहिए क्योंकी बिना बुलाए जाने से अपमान मिलता है। शिव बाबा की बिना आज्ञा के राजादक्ष के द्वारा आयोजित यज्ञ में माता सती पिता मोह में पहुंच गई थी तब राजादक्ष के द्वारा अपने पति शिव बाबा का त्रिस्कार अपमान सती माता सहन नहीं कर पाई और यज्ञकुंड में ही कूदकर भस्म हो गई। उक्त उद्गार शनिवार को हनुमान फाटक मंदिर परिसर कस्बा में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा महापूराण के तीसरे दिन शनिवार को भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति की महीमा बताते हुए कहीं। पंडित रवि शंकर तिवारी ने कहा की भगवान की भक्ति प्रहलाद की तरह करनी चाहिए भक्त प्रहलाद को उनके राक्षस पिता ने असुर नीति सिखाने की कोशिश की परंतु प्रहलाद ने सबको नारायण की भक्ति सिखा दी थी प्रहलाद की भक्ति इतनी शक्तिशाली थी की भगवान को उनके आहवान करने पर खंम्भे से भी प्रकट होना पड़ा था। भगवान की कृपा के लिए हमें प्रहलाद की भांति सरल होने की आवश्यकता है। श्री तिवारी ने कहा की प्रभु की कथा सुनने की कोई आयु नहीं होती है कथा वृद्धों के लिए नहीं बच्चों और युवाओं के लिए होती है वृद्ध अपनी आयु पूरी कर चुके होते है जबकी बच्चों को पूरा जीवन जीना होता है। कथा में बच्चों भी माता पिता को लाना चाहिए और युवाओं को भी कथा में समय निकाल कर आना ही चाहिए जिस से की समय पर बुरी संगति पर अंकुश लग जाए और भगवान की कृपा से लोक परलोक बच्चों का सुधर जाए। पं रवि शंकर तिवारी ने कथा में बुजुर्गो के महत्व को बताते हुए कहा की बुजुर्गो का सम्मान अब काफी कम हो गया है।

## स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

सीहोर (निप्र)। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात:10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो।

## ग्राम गोविंदपुरा में कोई महामारी की स्थिति नहीं आरडी किट से टेस्ट करने पर सभी मरीज पाए गये नेगेटिव

सीहोर (निप्र)। आष्टा विकासखंड के ग्राम गोविंदपुरा के अनेक ग्रामवासियों में बुखार एवं हाथ पैर दर्द होने की सूचना मिलने पर 03 जनवरी 2025 को आष्टा विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में भ्रमण कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आष्टा बीएमओ डॉ जीडी सानी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम गोविंदपुरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 37 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के समय मरीजों से बताया कि उन्हें लगभग 02 महीने पहले हल्का बुखार आया था, इसके पश्चात वह स्वस्थ हो गये थे। मरीजों ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से उन्हें हाथ पैरों में दर्द हो रहा हैं। इस आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उन सभी मरीजों का आरडी किट से टेस्ट किया गया। टेस्ट में सभी मरीज नेगेटिव पाए गये। इसके साथ ही 10 मरीजों का ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। इस दौरान टीम द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं सफाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता आवश्यक हैद्य अगले दिन 04 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुनः ग्राम गोविन्दपुरा भ्रमण कर 99 घरों का लार्वा सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान 02 घर के 02 कटेनरों में मलेरिया लार्वा पाया गया एवं 40 घरो मे पायराथम दवाई का स्प्रे किया गया। नाली एवं गलियों में बीटीआई लिक्विड एवं टेमोफास से छिड़काव किया गया तथा 10 कंटेनरो मे टेमोफास डाला गया।



# नवनीत और अराव का चयन अंडर-15 टीम में





सीहोर (निप्र)। शहर के प्रतिभाशाली क्रिकेट नवनीत सोनी और अराव मसीह बीएसआई मैदान पर लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन आगामी पांच जनवरी से होने वाले एमएम जगदाले ट्राफी 2024-2025 के लिए भोपाल संभाग की अंडर-15 टीम के लिए हुआ है। इस मौके पर पीपीसीए अकादमी के नवनीत सोनी उनके कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, आदर्श राय और मोहनिश त्रिवेदी और एकलव्य अकादमी के खिलाड़ी अराव मसीह को उनके कोच अतुल कुशवाह ने चयन पर बधाई दी है। बीएसआई मैदान पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जब भी प्रतिभाओं को मौका मिलता है, वह अपनी प्रतिभा के बल पर क्षेत्र का नाम रोशन करते है। नवनीत सोनी और अराव मसीह बचपन से ही अपनी प्रतिभा के बल पर भोपाल संभाग की टीम में चयनित हुए है। गत दिनों नवनीत सोनी ने सिलेक्शन मैच में 150 रन बनाए थे भोपाल की अंकुर अकादमी के खिलाफ इसके अलावा बल्लेबाजी और विकेट कीपिंग करने वाले अराव मसीह को जब भी मौका मिला है उसने शानदार प्रदर्शन किया है। 13 साल के नन्हे खिलाड़ी भोपाल डिवीजन की अंडर-14 टीम में खेलते है और गत दिनों सारंग बीडीसीए अंडर 14 इंटर क्लब लीग टूर्नामेंट में ताबड़तोड़ 222 रन की शानदार पारी खेली थी, वही ग्वालियर के एलएनआईपी ग्राउंड में रीजनल स्टेट मीट के दौरान उनका चयन नेशनल अंडर-18 टीम के लिए हुआ था। इसके अलावा आरव मसीह अहमदाबाद में चल रही बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर 16 बॉयज में मध्य प्रदेश की ओर से भाग ले रहे हैं। अब अंडर-15 टीम में चयन होने पर नवनीत सोनी और अराव मसीह को बधाई देने वालों में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, विरेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अनिल राय, प्रदीप आहुजा, अतुल जैन, दिग्विजय सिंह, भरत गुप्ता, रुपन व्यास, साकेत झंवर, अक्षय दुबाने, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, महेन्द्र शर्मा गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, राकेश भेरवे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, अतुल कुशवाहा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश नाविक, अमित शर्मा, प्रकेंश राय, सुनील जलोदिया आदि शामिल है।

# बीएसआई पर एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 का आयोजन

## आरएटीयू ने वीवायसीसी को 11 रन से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई खेल मैदान पर रविवार से आरंभ एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 का आगाज हो गया है। इसके अंतर्गत रविवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच आरएनटीयू-वीवायसीसी के अलावा एक अन्य मैच सुपर हिटर एवं केकेआर खेरी के मध्य खेला गया था। इसमें पहला मैच आरएनटीयू ने 11 रन से जीता, वहीं दूसरा मैच केकेआर खेरी ने छह विकेट से जीत लिया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएनटीयू ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 149 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें जी सतीश ने 23 रन, सैय्यद जमरान ने 15 रन, हर्ष ने 11 रन, मयंक जैन ने 40 रन और मोहम्मद खान ने 27 रन की पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीवायसीसी निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 138 रन ही बना सकी। इसमें सोनू ने 15 रन, सागर ने 14 रन, उदय मिश्रा ने 41 रन, शिवम शर्मा ने 10 रन, फैजल खान ने 16 रन और हतम यादव ने 22 रन की पारी खेली। वीवायसीसी 11 रन से हार गई।

इसके अलावा एक अन्य मैच सुपर हिटर और केकेआर खेरी के मध्य खेला गया। यह मैच काफी रोमाचक रहा। इसमें केकेआर खेरी ने 19 वें ओवर में जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर हिटर ने दस विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 172 रन बनाए थे।

# एआई एवं फिनटेक विथ एआई कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

## 06 जनवरी से पीएम श्री कॉलेज में होंगे कोर्स प्रारंभ




सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों साथ ही सीहोर जिले के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में भी 06 जनवरी से एआई एवं फिनटेक विथ एआई सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जाएंगे। इसके तहत सीहोर के पीएम श्री कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए 03 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में आईआईटी दिल्ली द्वारा विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को एआई एवं फिनटेक विथ एआई सर्टिफिकेट कोर्स की विस्तृत रूपरेखा, कोर्स की समय अवधि एवं कोर्स के संचालन के लिए उपयोग होने वाले ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com